**रोहतक**

**बुधवार, 9 अप्रैल 2025**

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 68

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**

अधि. 42.8

न्यून. 25.1

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,227.08 | 1089.18 ▲ |
| निफ्टी | 22,535.85 | 374.25 ▲ |

| धातु | कीमत | मंदी/तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 91,250 /- | 200/- ▼ |
| चांदी | 92,700/- | 200/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरा/उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 86.26 | 50 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 64.35/ बैरल | | 0.22% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

हरिभूमि पाठक सर्वे योजना हरियाणा

# तमिलनाडु के 10 बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यपाल संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं, मनमाना नहीं रोक सकते पारित विधेयक

**नई दिल्ली (भाषा)।** द्रमुक नीत तमिलनाडु सरकार को मंगलवार को तब बड़ी जीत हासिल हुई जब सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी। साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी। कोर्ट ने इस दौरान दो टूक शब्दों में कहा कि राज्यपाल किसी विधेयक को रोक नहीं सकते हैं। वे 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। संविधान के अनच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेकाधिकार नहीं होता है। उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होता है। जनता विधायकों को चुनती है। लंबे समय तक बिल नहीं रोकें। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार लगाते हुए कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है।' पीठ ने कहा, '(संबंधित) 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था।'

**शीर्ष कोर्ट ने निर्धारित की समय सीमा, शर्त के साथ एक या तीन माह में निपटाएं**



### अदालत ने ये दी हिदायतें

- न्यायालय ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। 'कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया है।' समयसीमा तय करते हुए पीठ ने कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी।
- यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। राज्य विधानसभा द्वारा विधेयक को पुनः पारित किए जाने के बाद उसे पेश किए जाने पर राज्यपाल को एक महीने की अवधि में विधेयकों को मंजूरी देनी होगी। पीठ ने आगाह किया कि समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी।

### राज्यपाल के पास ये अधिकार

- विधेयक को मंजूरी दे सकते हैं
- विधेयक की मंजूरी रोक सकते हैं
- बिल को राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं
- पुनर्विचार के लिए विधानसभा को बिल भेजा जा सकता है
- यदि विधानसभा बिल को दोबारा पास की फिर राज्यपाल के पास भेजती है तो वे इसकी मंजूरी नहीं रोक सकते

### जनता की इच्छा को न दबाएं

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को ध्यान रखना चाहिए कि वे राज्य विधानसभा के सामने बाधाएं खड़ी करके जनता की इच्छा को न दबाएं। राज्य विधानसभा के सदस्य लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाते हैं। वे जनता की भलाई के लिए बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास केवल तीन विकल्प हैं- विधेयकों को मंजूरी देना, स्वीकृति रोकना और राष्ट्रपति के समक्ष विचार के लिए सुरक्षित रखना।

### मनमानी नहीं करें राज्यपाल

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को राज्य विधानसभा के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। उन्हें जनता की चुनी हुई सरकार के कामकाज में बाधा नहीं डालनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यपाल को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए। उन्हें अपनी मनमानी नहीं करनी चाहिए।

**आईपीएल में आज**



गुजरात टाइटंस V/S राजस्थान रॉयल

- : समय :- 7.30 PM

- : स्थान :- अहमदाबाद

**खबर संक्षेप**

### अमेरिका ने 11 देशों की वित्तीय मदद बंद की

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। भाषा

### अमेरिका ने चीन पर 104% टैरिफ लगाया, आज से लागू

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी के एक दिन बाद व्हाइट हाउस ने चीन पर 104% टैरिफ लगाने की पुष्टि की, जो 9 अप्रैल से लागू होगा। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34% टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे पहले से घोषित 34% के अलावा बुधवार से 50% एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। पेज-8 भी देखें

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि प्रमुख राजयोगिनी रतनमोहिनी का निधन



**जयपुर।** सिरोही जिले के आबूरोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का मंगलवार को निधन हो गया। वह 101 साल की थीं। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के निधन पर शोक जताया है। भाषा

### अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन शुरू

**अहमदाबाद।** कांग्रेस का 84वां अधिवेशन अहमदाबाद में शुरू हो गया है। इसमें कई मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। राहुल ने यह भी कहा- हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। (पेज 7 भी देखें)

### अपूर्वा को एसिड अटैक और मौत की धमकियां



**मुंबई।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व अभिनेत्री अपूर्वा मखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। अपूर्वा ने पोस्ट शेयर किया। उसमें उन्हें धमकी के सैकड़ों कमेंट, संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। इसमें एसिड अटैक, रेप की धमकी व मौत की धमकियां दी गई। भाषा

### डॉमिनिकन में नाइटक्लब की छत गिरी, 44 की मौत

**सैंटो डोमिंगो।** डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में एक नाइटक्लब की छत गिरने की घटना में 44 लोगों की मौत हो गई व 160 अन्य घायल हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि जेट सेट नाइटक्लब में मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है। अनुमान है कि मलबे के नीचे दबे कई लोग अब भी जिंदा हैं और प्राधिकारी हार नहीं मानेंगे, सभी को बाहर निकालेंगे। भाषा

## वक्फ कानून देश में लागू, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

# बंगाल में हिंसा, पथराव व गाड़ियां फूंकी, लाठीचार्ज

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की कैविएट, कहा-कोई भी आदेश देने से पहले हमें भी सुना जाए**

भाषा/एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/कोलकाता/इंफाल/चेन्नई

संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से देश में लागू हो गया। केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, 'वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र ने 8 अप्रैल से अधिनियम के प्रावधान लागू कर दिए। लोकसभा और राज्यसभा ने तीन अप्रैल व चार अप्रैल को विधेयक पास किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 अप्रैल को प्रस्तावित कानून को मंजूरी दे दी थी। उधर, देश में वक्फ कानून लागू होते ही पश्चिम बंगाल में हिंसा भड़क उठी, तमिलनाडु और मणिपुर में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया और कानून रद करने की मांग की। बंगाल के मुर्शिदाबाद में लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। कई वाहनों को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। इससे भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के कई वाहनों और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है।

**प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए**

**प्रदर्शनकारियों ने जमकर मचाया उत्पात, मुर्शिदाबाद में हाईवे जाम**



### वक्फ कानून वापस लिया जाए

प्रदर्शनकारी वक्फ कानून के खिलाफ अपना विरोध जता रहे है। उनकी मांग थी कि इसे तुरंत वापस लिया जाए। जब पुलिस ने जुलूस को रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने गुस्से में आकर पुलिस पर ईंटें फेंकी और सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद, उन्होंने पुलिस की कई गाड़ियों में आग लगा दी। राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को जाम कर दिया।

### 11 को प्रदर्शन करेगा लॉ बोर्ड

वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

### मणिपुर-चेन्नई में रैलियां निकाली

मणिपुर के इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर व चेन्नई में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने रैलियां निकाली। बिष्णुपुर के क्वाकता में प्रदर्शनकारियों ने वक्फ संशोधन अधिनियम को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए नारे लगाए और मार्च किया। विरोध मार्च में बुर्का पहने महिलाएं भी शामिल हुईं।

### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक 'कैविएट' दायर की और कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई आदेश पारित किए जाने से पहले सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। 'कैविएट' किसी पक्षकार द्वारा हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि इसे सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जाए।

### शीर्ष कोर्ट में 10 याचिकाएं

अधिनियम की वैधता को चुनौती देते हुए राजनीतिक नेताओं और 'ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड' तथा जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिकाओं सहित 10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में दायर की गई हैं। इस घटनाक्रम से अवगत वकीलों ने बताया कि ये याचिकाएं 15 अप्रैल को एक पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है।

**विस्फोट से घर के शीशे टूटे, दीवारों में दरार**

# पंजाब में भाजपा नेता कालिया के आवास पर ब्लास्ट, दो गिरफ्तार

भाषा ▸▸ चंडीगढ़

पंजाब में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर मंगलवार सुबह ग्रेनेड से विस्फोट हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इस विस्फोट में कालिया के घर की खिड़कियों के शीशे टूट गए और एल्युमीनियम की दीवार (पार्टिशन), आंगन में खड़ी उनकी एसयूवी एवं मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कालिया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। जब विस्फोट हुआ, उस समय वह अपने घर पर ही थे। अमृतसर और गुरदासपुर में पिछले चार-पांच महीनों में पुलिस चौकियों को निशाना बनाकर विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी प्रमुख नेता के आवास को निशाना बनाया गया।



आंगन में खड़ी बाइक और कार क्षतिग्रस्त भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं मनोरंजन कालिया

■

डीजीपी बोले, हमले में पाकिस्तान और लॉरेंस गैंग का कनेक्शन सामने आया

### रात करीब दो बजे वारदात

हमला पंजाब में जालंधर के सबसे प्रमुख शास्त्री मार्केट चौक के पास रात करीब 2 बजे हुआ। बड़ी बात यह है कि जिस जगह पर यह हमला हुआ, वहां से 50 मीटर दूर पीसीआर टीम 24 घंटे तैनात रहती है और महज 100 मीटर दूर पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर-3 भी है। इसके बाद भी 3 युवक पूर्व मंत्री के घर में हैंड-ग्रेनेड फेंक कर भाग गए।

### आईएसआई ने हमला करवाया : डीजीपी

जालंधर पुलिस ने 12 घंटे में ग्रेनेड फेंकने वाले 2 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान रविंदर कुमार निवासी सुभाना रोड, गढ़ा (जालंधर) और सतीश उर्फ काका उर्फ लक्का निवासी भार्गव कैंप (जालंधर) के रूप में हुई है। पुलिस ने ई-रिक्शे को भी बरामद कर लिया है। पंजाब के लॉ एंड ऑर्डर डीजीपी अर्पित शुक्ला ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हमला करवाया। इसमें पाकिस्तान में बैठे डॉन शहजाद भट्टी, जीशान अख्तर और लॉरेंस गैंग का भी लिंक सामने आया है।

**विपक्ष का मान सरकार पर हमला**

विपक्षी दलों ने राज्य में कथित रूप से बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर निशाना साधा और गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री भगवंत मान से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने को कहा।

# जयपुर धमाके-जिंदा बम केस में चार आतंकियों का उम्रकैद

**जयपुर(एजेंसी)।** जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी चार आतंकियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। 4 अप्रैल को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था। कोर्ट ने 600 पेज का फैसला दिया है। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, नौवां बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था। धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे।



अफसोस की बजाए कोर्ट में हंसते रहे आतंकी

ब्लास्ट में 71 की हुई थी मौत

**गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े लोगों के ठिकाने खंगाले**

# बहादुरगढ़ समेत छह ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मंगलवार को हरियाणा के बहादुरगढ़ और उत्तर प्रदेश में करीब छह ठिकानों पर छापेमारी की। ये छापे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारे गए हैं। एनआईए की टीम बहादुरगढ़ के गांव सोलधा में आई। यहां भाविश और विजय नाम के दो लोगों के घर छापा मारा।





गांव सोलधा में भाविश व विजय के घर पर कार्रवाई

स्थानीय सीआईए की टीमें भी साथ रही। इन दौरान विजय नाम का शख्स घर पर नहीं मिला। यह गैंगस्टर कर्मवीर उर्फ काजू का भतीजा बताया जाता है। विजय जमानत पर बाहर आया था और तब से फरार चल रहा है। पिछले साल गुरुग्राम में दो जगह पर हुए ग्रेनेड हमले से भी इसका नाम जोड़कर देखा जा रहा है। इसलिए टीम इसे पकड़ने यहां आई थी, लेकिन वह नहीं मिला। टीम ने इसके घर से बैंक स्टेटमेंट सहित अन्य दस्तावेज जुटाए। दूसरे युवक भाविश के यहां भी गहनता से जांच की गई। इसके बाद टीम लौट गई।

**घुसपैठ रोकने को उठाया बड़ा कदम**

# भारत-नेपाल की सीमा पर बिना पहचान पत्र एंट्री नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी नागरिकों को अब पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य हो गया है। एसएसबी ने यह बड़ा कदम देश में घुसपैठ को रोकने के लिए उठाया है। एसएसबी की तरफ से जारी आदेश भारतीय और नेपाली नागरिकों पर लागू होंगे। नए आदेश के तहत सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है और प्रवेश करने से पहले सभी को पहचान प्रमाणित करना जरूरी हो गया है। बता दें कि सीतामढ़ी जिले में भारत-नेपाल सीमा 90 किलोमीटर है।

**उफ! भीषण गर्मी ने लोगों को तपाया, सड़कें और बाजार सूने, घरों में दुबके लोग**

*आज भी भीषण गर्मी और लू का अलर्ट जारी*

*10 के बाद पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता दिलाएगी राहत*

# लगातार दूसरे दिन भी तपा प्रदेश, पारा 43 डिग्री के पास

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में भीषण गर्मी ने 5 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मंगलवार को अधिकतम पारा 43 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। वहीं, कई जिलों में न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मंगलवार को सिरसा सबसे गर्म जिला रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, रेवाड़ी में पारा 42.0 डिग्री पर पहुंच गया। दिनभर बाजार और सड़कें सूने दिखाई दिए। लोग घरों में ही दुबके रहे। मौसम विभाग ने हीटवेव का येलो अलर्ट तीन दिन के लिए जारी किया था। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 10 अप्रैल को आसमान में बादल छाने के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है। तीन दिन तक बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी की संभावना भी जताई जा रही है।



**कहां कितना पारा**

| शहर | पारा |
|---|---|
| सिरसा | 42.8 |
| नारनौल | 42.4 |
| रोहतक | 42.1 |
| हिसार | 41.9 |
| फरीदाबाद | 41.7 |
| च. दादरी | 40.3 |
| मेवात | 40.1 |
| रेवाड़ी | 40.1 |

(अधिकतम पारा डिग्री सेल्सियस में)

**लू के थपेड़ों ने सताया**

सामान्य से अधिक तापमान होने के कारण 10 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली गर्म हवाओं ने जनजीवन प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बुधवार को भी हवा की गति 16 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है। लोगों को समय से पहले लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा। गत वर्ष की तुलना में इस बार तापमान काफी ज्यादा चल रहा है। गत वर्ष 8 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री और न्यूनतम 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### कल से तीन दिन राहत की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे 10 अप्रैल से आसमान में बादल छा सकते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। 12 अप्रैल तक आंशिक या घने बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान दिन के तापमान में काफी कमी आ सकती है। एक बार तापमान में गिरावट के बाद कम से कम एक सप्ताह तक हीटवेव के प्रकोप से निजात मिली रह सकती है।

### घरेलू बिजली की खपत बढ़ी

मौसम गर्म होने के कारण घरेलू क्षेत्र में बिजली की खपत में इजाफा होना शुरू हो गया है। इस समय कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग कम होकर 4 लाख यूनिट के आसपास बनी हुई है। जिले में बिजली की दैनिक 60 लाख यूनिट के आसपास है। तापमान बढ़ने के बाद एसी और कूलर चलने शुरू हो गए हैं, जिससे घरेलू क्षेत्र में बिजली की खपत सोमवार सायं तक 11.82 लाख यूनिट तक पहुंच गई। मंगलवार को खपत में और भी वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही थी।



## खबर संक्षेप

### सभी 240 मंडियों में कैंटीन खोलेंगे : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने यमुनानगर जिला के क़स्बा रादौर और सरस्वती नगर की अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीनों का उद्घाटन किया। उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले समय में हरियाणा की सभी 240 मंडियों में ऐसी कैंटीनें स्थापित की जाएंगी। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल किसानों और मजदूरों को सस्ती दरों पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराना है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना भी है। ये कैंटीनें महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही हैं।

### सिलेंडर के दाम बढ़ाना जनविरोधी कदमः अभय

**चंडीगढ़।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने केंद्र की बीजेपी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ाने पर कहा कि बीजेपी की केंद्र की सरकार और राज्य सरकार पिछले दस सालों से लगातार जनविरोधी नीतियां लागू करके आम जनता को महंगाई के बोझ के नीचे कुचलने का काम कर रही है। जहां केंद्र की बीजेपी सरकार ने गैस सिलेंडर के दाम एक दम से 50 रुपये बढ़ा दिए, पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया वहीं राज्य की बीजेपी सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए और मकान बनाने पर एक्सटर्नल डेवलपमेंट चार्जेस (इडीसी) के रेट बढ़ा दिए हैं। जो बीजेपी की सरकार महंगाई जैसे मुद्दे को भुनाकर सत्ता में आई थी आज वहीं बीजेपी आम जनता को जबरदस्त महंगाई की मार मार रही है। आज क्रूड ऑयल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दाम पिछले बीस साल में सबसे कम हैं तब भी बजाय आम जनता को पेट्रोल और डीजल के रेट कम करके राहत देने के 2 रूपए उत्पाद शुल्क लगा दिया है। बीजेपी ने आम जनता के उपर कई तरह के टैक्स की मार दी है।

### 65 हजार 382 ट्यूबवेल कनेक्शन जारी : विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि 31 दिसंबर, 2021 तक आवेदन किए गए 65382 ट्यूबवेल कनेक्शन जारी कर दिए गए है तथा 31 दिसंबर, 2023 तक 25398 ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए डिमांड नोटिस जारी कर दिए गए हैं ताकि जल्द से जल्द टयूवबैल कनेक्शन जारी किए जा सकें। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगमों द्वारा अब तक 33 केवी की 7 खतरनाक लाइनें तथा 11 केवी की 1023 खतरनाक लाइन को शिफ्ट करने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। वहीं, दोनों निगमों द्वारा अब तक 33 केवी की 7 खतरनाक लाइन को शिफ्ट करने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### 14 अप्रैल को हिसार आएंगे पीएम नरेन्द्र मोदी, सभी विभाग अलर्ट

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सीएम खुद फील्ड में उतरे, ले रहे तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास तथा हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर तैयारियों का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर किए गए प्रबंधों की गहनता से समीक्षा की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा विधायक सावित्री जिंदल, रणधीर पनिहार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में सभी व्यापक प्रबंध करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आमजन को भी कोई दिक्कत न हो, इसके लिए वैकल्पिक सड़क मार्गों की व्यवस्था होनी चाहिए।

#### हफ्ते में दो दिन हिसार से अयोध्या तक फ्लाइट

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से अभी हफ्ते में 2 दिन हिसार से अयोध्या तक फ्लाइट उड़ेगी। जैसे-जैसे बुकिंग अधिक होगी तो फ्लाइट के रूट भी बढ़ाए जाएंगे। हालांकि, पहली फ्लाइट की बुकिंग के लिए 2 घंटे पोर्टल खोला था और 2 घंटे में ही पूरी फ्लाइट फुल हो गई।



हिसार। अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।



हिसार। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जायजा लेते सीएम।

#### कांग्रेस गिरेबान में झांके

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिजली बिलों को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बोलना तो आसान है। जब भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे और रणदीप सिंह सुरजेवाला बिजली मंत्री थे, उस समय प्रदेश में बिजली व्यवस्था की हालत बदतर थी। सीएम कहा कि कांग्रेस राज में हालात यह थे कि तूफान तो पाकिस्तान में आता था और बिजली हिसार की कटती थी। कांग्रेस राज में पूरी-पूरी रात कट लगते थे।

#### पीएम देंगे सौगाज

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हरियाणा आ रहे हैं और प्रदेशवासियों को 2 बड़ी परियोजनाओं की सौगात देंगे। यमुनानगर में 7272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 800 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट का शिलान्यास करेंगे। यह यूनिट 2028 तक तैयार हो जाएगी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार से हवाई सेवाओं की शुरुआत करेंगे। इससे सिर्फ हिसार ही नहीं, बल्कि पंजाब और राजस्थान को भी लाभ मिलेगा।

#### विपक्षी दल मुरझाए

सांसद जय प्रकाश द्वारा एरोड्रम वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि सांसद एरोड्रम और एयरपोर्ट का मतलब गुगल कर लें तो उन्हें समझ आ जाएगा। आज हिसार में इतनी बड़ी परियोजना मूर्तरूप ले रही है, यह पूरे हरियाणावासियों के लिए गर्व की बात है, लेकिन विपक्षी दल विकास को देखकर मुरझा गए हैं। उनसे सहन ही नहीं हो रहा कि राज्य सरकार इतने विकास के काम कैसे कर रही है। उन्होंने कहा कि सांसद जिम्मेदार व्यक्ति हैं।

#### भविष्य की योजना

मुख्यमंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि अंबाला एयरपोर्ट से जुड़ी कुछ अनुमतियां शेष हैं, जो जल्द मिल जाएंगी। इसके अलावा भी प्रदेशवासियों को आने वाले समय में कई बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलने वाली है। पंडित दीन दयाल मेडिकल यूनिवर्सिटी बनकर तैयार है, जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। वहीं, पंडित नेकी राम मेडिकल कॉलेज, भिवानी, कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक बनकर तैयार है, उसका भी जल्द उद्घाटन होगा।

#### वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के हित में

वक्फ बिल पर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के साथ-साथ हर वर्ग के हित में है। कांग्रेस ने इस कानून को वोट बैंक के लिए हड़बड़ाहट में बनाया, जिसका खामियाजा उन्हें ही भुगतना पड़ा। हरियाणा निकाय चुनावों में कांग्रेस जीरो पर आउट हो गई।

#### बैठक और दौरे में ये नेता रहे उपस्थित, सीएम ने लगाई ड्यूटी

इस अवसर पर इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, विधायक सावित्री जिंदल और रणधीर पनिहार, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री का हरियाणा कार्यक्रम : सीएम सैनी और मुख्य सचिव रख रहे पैनी नजर, अफसरों को सीधे दिशा निर्देश

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है। विधानसभा चुनावों में हैट्रिक और निकाय चुनावों में परचम लहराने के बाद में पीएम की यह पहली यात्रा है, जिससे प्रदेशवासियों को काफी उम्मीद बनी हुई हैं। अहम बात यहां यह है कि पीएम के इस कार्यक्रम को लेकर खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्य सरकार के मुख्य सचिव मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह से कोई कमी पेशी नहीं रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्य सचिव अनुराग स्तोगी ने मातहत अधिकारियों को साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की लापरवाही हुई, तो माफी नहीं होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सीएम ऑफिस के सभी आला अफसर तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं, मंत्रिमंडल के सदस्य भी पीएम के कार्यक्रम हिसार और यमुनानगर को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कईं अफसरों को यह भी साफ कर दिया है कि वे खुद इन जिलों में जाएं और मौके पर जाकर वहां के बारे में रिपोर्ट दें। सीएस ने साफ कर दिया है कि जिला स्तर के अफसरों पर मामले को टालने से काम नहीं बनेगा, साथ ही कोई भी लापरवाही होने की सूरत में इस तरह के अफसरों के विरुद्ध कार्रवाई होगी, इसलिए सचेत रहें। खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी अधिकारियों को साफ कर दिया है कि पूरी गंभीरता के साथ में पीएम की विजिट को लेकर काम करें।

#### पीएम के आगमन को लेकर चौतरफा उत्साह



पीएम नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को हरियाणा दौरे को लेकर हांसी विधायक विनोद भयाना का कहना है कि राज्य के लिए यह सौभाग्य की बात है। वे हिसार एयरपोर्ट को जनता को सौंपने का काम करेंगे। विनोद भ्याना का कहना है कि हिसार से पहली फ्लाइट के लिए विंडो खुलते ही सारी टिकटें भी सेल हो गई हैं, पहली फ्लाइट अयोध्या के लिए रवाना होगी। इसके अलावा सूबे की जनता हिसार व यमुना नगर में उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रही है। पीएम मोदी के दौरे को सफल बनाने की दिशा में भयाना का कहना है कि लाखों लोग पीएम की रैली में आएंगे। राज्य की जनता पलक पांवड़े बिछाकर इंतजार कर रही है, यमुना नगर में थर्मल प्लांट की नींव रखने से हरियाणा विकास की गति पकड़ेगा, पीएम हरियाणा आ रहे हैं, इसलिए हम सभी का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे।

#### बिजली, श्रम मंत्री आज जाएंगे यमुनानगर

हरियाणा के बिजली और श्रम, परिवहन मंत्री अनिल विज बुधवार की सुबह यमुनानगर जाने की तैयारी में हैं। उनका यह कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है, उनके साथ में पावर सेक्टर से जुड़े अधिकारी भी जाएंगे। इस बारे में देर शाम तक अपने ऑफिस में उन्होंने अफसरों के साथ चर्चा की साथ ही यमुना नगर को लेकर एसीएस पावर और अन्य अफसरों के साथ में वार्ता की है।

### अपने वादे से मुकरी भाजपा, सिलेंडर में 50 रुपये की वृद्धिः सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार अब जनता को झटके पर झटके दिए जा रही है, यह सरकार अपने ही संकल्प पत्र के वादों से मुकर रही है, हरियाणा सरकार ने बजट में लक्ष्मी योजना के तहत हर माह हर महिला को 2100 रुपये देने की घोषणा तक का कोई जिक्र नहीं किया तो दूसरी ओर केंद्र सरकार ने हर घर ग्रहण योजना के तहत हर महिला को 500 में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी मगर उसमें भी 50 रुपये की वृद्धि कर दी। सरकार को कम से कम अपने वादे पर कायम रहते हुए जनता के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए था। सैलजा ने कहा कि सोमवार का दिन देश के लिए किसी आफत से कम नहीं है। पहले शेयर बाजार में भीषण गिरावट ने लोगों के होश उड़ा दिए। इसके साथ ही सरकार ने लोगों की जेब पर असर डालने वाले कई फैसलों का ऐलान कर दिया।

# हरियाणा विधानसभा में कॉफी-डे का कैफे शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



हरियाणा विधान सभा में लंबे इंतजार के बाद कॉफी-डे का कैफे शुरू हो गया है। मंगलवार को हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रिबन काट कर इसका उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने पहले ग्राहक के तौर पर बनाना-बाइट की चिप्स खरीदी और उनका मनोबल बढ़ाया। कल्याण ने कैफे संचालकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि यहां अच्छी गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध रहेंगे। इस कैफे से हरियाणा विधान सभा के कर्मचारियों को उचित दाम पर कॉफी और स्नैक्स मिल सकेंगे। विधान सभा कर्मचारियों को इस प्रकार के कैफे की लंबे समय से जरूरत महसूस हो रही थी। कैफे खुलते ही यहां खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया। इस कैफे के संचालक अभिनव मिश्रा ने बताया कि यहां कैपेचिनो, एसप्रेसो, सैंडविच, कोल्ड कॉफी, विभिन्न प्रकार के शेक उपलब्ध रहेंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5808

हमकि (1) राजबाला विधवा व (2) संदीप फलस्वाल (3) मंदीप पुत्रान रोहतास सिहं पुत्र रामकिशन, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 1331 विरासत व फर्द बदर न0 4, के अनुसार अराजी खेवट न0 103/86, खाता न0 113, मु0 न0 31, किला न0 1/2(0–6), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 6 मरले का 1/54 भाग, बकदर 0 कनाल 0.11 मरला (0.0006875 एकड़) (जिसमें राजबाला विधवा – संदीप फलस्वाल – मंदीप हर तीन समभाग) वाका रकबा मौजा महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 31, किला न0 1/2 मिन (0–0.11), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0.11 मरला (0.0006875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 08.04.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

### नोटिस

श्री कृष्ण कुमार, परिचालक सं0 237/409 के विरूद्ध स्टैण्ड इन्चार्ज, लोहारू से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आप दिनांक 14.06.2022 से बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कार्य से अनुपस्थित चल रहे थे। जिस पर महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी कार्यालय के पत्र कमांक 4164/ईए/ईसीसी दिनांक 22.09.2022 द्वारा हरियाणा सिविल सेवा दण्ड एवं अपील नियमावली 2016 के तहत नियम 04 बी में आरोप पत्र जारी किया गया व कार्यालय द्वारा आपको दिनांक 27.03.2023, को स्मरण पत्र जारी किया गया जिसकी पावती आप द्वारा दिनांक 29.03. 2023 को दी हुई है। मुख्यालय के पत्र दिनांक 27.04.2023 की पालना में लोहारू उपकेन्द्र का समायोजन चरखी दादरी आगार से भिवानी आगार में होने उपरान्त आपका समायोजन भी भिवानी आगार में हो गया था। तदपश्चात चरखी दादरी आगार द्वारा दिनांक 25.01.2024 को आपका अनुपस्थित केस भिवानी आगार में भेजा गया। जिस पर कार्यालय के आदेश कमांक 5457/ईए/ईसीसी दिनांक 19.11.2024 के द्वारा आरोपो की विधिवत रूप से जांच करवाने के लिए इस आगार के संग्रह कय अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच प्रकिया के दौरान आपको जांच में उपस्थित होने बारे पत्राचार किया गया, लकिन आप एक बार भी जांच में उपस्थित नहीं हुए जिस पर जाँच अधिकारी द्वारा आपको दिनांक 14.06.2022 से स्वैच्छा से अनुपस्थित रहने का दोषी पाया गया। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाँच निष्कर्ष रिपोर्ट से सहमत होते हुए दिनांक 05.03.2025 द्वारा आपको सेवा से निष्कासन का नोटिस जारी किया गया। उक्त नोटिस का जवाब आप द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करने पर कार्यालय के पत्र दिनांक 21.03. 2025 द्वारा स्मरण पत्र जारी किया गया। उक्त नोटिस व स्मरण पत्र आपके घर के पते पर भेजे गए जो कि आपके द्वारा प्राप्त भी किए गए फिर भी आप द्वारा उक्त पत्राचारों का जवाब कार्यालय में अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही अपने कार्य पर उपस्थित हुए। आपको अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिए जाते है कि आप दिनांक 17.04.2025 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख निजी सुनवाई हेतू उपस्थित होना सुनिश्चित करें यदि आप निजी सुनवाई हेतू उपस्थित नहीं हुए तो आपको जारी कारण बताओ नोटिस कमांक 8878/ईए/ईसीसी, दिनाक 05.03.2025 में प्रस्तावित सेवा से निष्कासन की पुष्टि करते हुए नियमानुसार एकतरफा विभागीय कार्यवाही कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगें।

हस्ता/-महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, भिवानी

पीआरडीएच-1119/11/631/2026/33729/88/6 दि. 08.04.2025


### गृह विभाग की एसीएस डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपायुक्तों से कॉन्फ्रेंसिंग

# पासपोर्ट ऑफिस की तर्ज पर अब हाईटेक होंगे रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विभाग से संबंधित बजट अभिभाषण में की घोषणाओं पर ततपरता से कार्य करें और हर 15 दिन में अपने स्तर पर समीक्षा बैठक कर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजें। डॉ. मिश्रा चंडीगढ़ में प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फरेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य के भू रिकॉर्ड के अपडेशन का कार्य अगस्त, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं हर 15 दिन में प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगी। विभाग के रजिस्ट्री कार्यालयों को पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर हाईटेक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भूमि की पैमाइश अब जरीब की बजाय रोबोट के माध्यम से की जाएगी, इसकी घोषणा भी बजट में की गई है। सभी उपायुक्त बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित करें। मुख्यमंत्री द्वारा उपमंडल, तहसील व उप तहसीलों के नए भवन बनाने के लिए की गई मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिए।



#### यूपी-हरियाणा सीमा पर पिलर लगाएं

डॉ. मिश्रा ने कहा कि दीक्षित कमेटी द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर उत्तर प्रदेश व हरियाणा सीमा पर पिलर लगाने के लिए कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि उपायुक्तों को ऐसी जमीन या संपत्ति जो सरकार के स्वामित्व में हो, लेकिन इसे सीधे राज्य संपत्ति के तौर पर प्रशासित न किया जाए, बल्कि पट्टे या लाइसेंस पर दी जाए। उन्होंने नजूल भूमि का स्वामित्व सरकार के पास होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल आम तौर पर पट्टे या लाइसेंस के माध्यम से किया जाता है, की भी जानकारी मांगी।

#### मुआवजे की जानकारी 15 तक अपलोड करें

डॉ. मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिए कि रबी फसल वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश के 15 जिलों में ओलावृष्टि से हुए नुकसान पर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मुआवजे की जानकारी 15 अप्रैल, 2025 तक अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से बचाव एवं हीट वेव के बचाव के तहत जो सावधानियां बरती जा सकती है, उस बारे प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए।

# इस बार हैवी रहेगी हीटवेव विभाग ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए हैं। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को लू से बचाव के लिए एडवाइजरी के अनुसार लोगों को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि गर्मी के चलते अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हरसंभव प्रयास करें। गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग अत्यधिक गर्मी से बचाव कर सकें।

#### बच्चों का ध्यान रखें

प्रवक्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि शिशुओं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं और वृद्ध लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उन्हें निर्जलीकरण से बचाया जा सके।


### सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा पता : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्किट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए। चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।
कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| | सुभाष पुत्र कृष्ण लाल (कर्जदार), सुनील कुमार पुत्र कृष्ण लाल (सह-कर्जदार), शारदा देवी पत्नी सुभाष सोनी (सह-कर्जदार) NHSIR00001293707. | संपत्ति 1/2 भाग (पूर्वी.) एक दुकान का भाग जिसका हाउस टैक्स नं. बी-03/440 जिसका नया हाउस टैक्स आईडी नं. एसआरएस/बी03/383 माप 27.5 वर्ग गज हाउस टैक्स गली फादियावाली भादरा बाजार तह. व जिला सिरसा दस्तावेज सं. 14253 दि. 29/03/2019 के सभी भाग व हिस्से सीमाएं उत्तरः गली फारियावाली माप 8', दक्षिण शाम सुंदर भिवानी वाला की संपत्ति माप 7', पूर्व चतुर्भुज की संपत्ति माप 33', पश्चिमः सेस 1/2 भाग जिसकी स्वामी श्रीमती पिंकी हैं माप 33',/कब्जे की तिथि 4 अप्रैल 2025 | 15-01-2025 रु. 8,82,744.84/- | हिसार |
| | सुभाष पुत्र कृष्ण लाल (कर्जदार), सुनील कुमार पुत्र कृष्ण लाल (सह-कर्जदार), शारदा देवी पत्नी सुभाष सोनी (सह-कर्जदार) NHSIR00001293710. | संपत्ति 1/2 भाग (पूर्वी.) एक दुकान का भाग जिसका हाउस टैक्स नं. बी-03/440 जिसका नया हाउस टैक्स आईडी नं. एसआरएस/बी03/383 माप 27.5 वर्ग गज हाउस टैक्स गली फादियावाली भादरा बाजार तह. व जिला सिरसा दस्तावेज सं. 14253 दि. 29/03/2019 के सभी भाग व हिस्से सीमाएं उत्तरः गली फारियावाली माप 8', दक्षिण शाम सुंदर भिवानी वाला की संपत्ति माप 7', पूर्व चतुर्भुज की संपत्ति माप 33', पश्चिमः सेस 1/2 भाग जिसकी स्वामी श्रीमती पिंकी हैं माप 33',/कब्जे की तिथि 4 अप्रैल 2025 | 15-01-2025 रु. 8,80,081.84/- | हिसार |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।
दिनांक : 09 अप्रैल 2025 स्थान : सिरसा — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

### हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अंबाला | हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में लैन प्रणाली हेतु 3 लेयर स्वीच का प्रावधान | 07.04.2025 16.04.2025 | 95.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फरीदाबाद | फतेहाबाद जिले में गांव काजलहेड़ी में राजकीय पशु चिकित्सालय अस्पताल का निर्माण | 07.04.2025 15.04.2025 | 33.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | हरियाणा राज्य करनाल जिले में यमुना नदी में उत्तर प्रदेश-हरियाणा बॉर्डर पर बाउंड्री पिल्लर का निर्माण | बंद होने की तिथि 17.04.2025 | 559.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा करनाल | कलसोरा परिसर में 7 अदद पुराने क्षतिग्रस्त स्टोन स्टर्ड और 400 फुट नए स्टोन रिवेटमेंट आबादी क्षेत्र को बाढ़ 2024 से बचाने के लिए सुरक्षा की आपूर्ति + 6 कार्य | 07.04.2025 15.04.2025 | 1486.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा जगाधरी | गांव आर्यवाला से नग्गल नाला तक गांव आबादी और कृषि भूमि को बचाने के लिए 2000 फुट स्टोन स्टेनिंग की आपूर्ति + 31 कार्य | 07.04.2025 15.04.2025 | 1817.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenwsjgd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखीदादरी | गांव बास ब्लॉक बोंद कलां जिला चरखी दादरी में फिरनी की पेवमेंट (जयप्रकाश पुत्र बनारसी से पिलाना रोड तक) | 04.04.2025 15.04.2025 | 42.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/120/33739/I/88/6 दि. 08.04.25

## खबर संक्षेप

### शराब कारोबारी से 50 लाख की रंगदारी मांगी

**यमुनानगर।** विदेश में बैठे कुख्यात नोनी राणा ने शराब कारोबारी रिंकू राणा के व्हाट्सएप पर कॉल करके उससे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिंकू राणा की शिकायत पर आरोपी नोनी राणा के खिलाफ केस दर्ज कर कर्रवाई शुरू कर दी। रिंकू राणा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे उसके व्हाट्सएप पर विदेश नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को नोनी राणा बताया। आरोपी ने उसे कहा कि उसने न तो शराब ठेकों में हमारा हिस्सा डाला और न ही रुपये भिजवाए। यदि खुद को सुरक्षित रखना चाहते हो तो 50 लाख रुपये भिजवा दो।

### धारदार हथियार से युवक के हाथ काटे, गंभीर

**सफीदों।** सफीदों में बेरहमी की हद उस वक्त पार हो गई जब कुछ युवकों ने मिल कर तेजधार हथियार से एक युवक के दोनों हाथ काट दिए गए। इस संबंध में पुलिस ने तीन को नामजद कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में शिव कालोनी सफीदों निवासी नरेंद्र कुमार ने कहा कि छह मार्च की रात करीब सवा 11 बजे वह पुरानी चुंगी के पास से स्कूटी पर सवार होकर अपने घर पर जा रहा कि भारत, कुणाल उर्फ बिट्टू व सागर निवासियान सफीदों ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने उनको रास्ता रोकने को लेकर कहा तो उन्होंने कहा कि उन्हे कहीं बाहर जाना है और वह अपनी स्कूटी उन्हें दे दे। जब उसने देने से मना किया ने आरोपियों से तलवार से हमला कर हाथ काट दिए।

### बीज अधिनियम विधेयक किसानों के हित में : चढ़ूनी

**कुरुक्षेत्र।** बीज (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2025 बीज अधिनियम, 2025 को लेकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि हम किसी के खिलाफ नही परंतु व्यवस्था सुधरनी चाहिए यह अधिनियम फसल के बीज व दवाई की गुणवता सही पैमाने रखने में कारगर सिद्द होगा। बीज अधिनियम विधेयक, बीज और दवा की गुणवत्ता को सही स्तर पर रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराकर उनकी उत्पादकता को बढ़ाएगा।

# भाजपा ने देश की राजनीति में कांग्रेस का विकल्प प्रस्तुत किया : कैप्टन अभिमन्यु

## भाजपा जिला कार्यालय में हिसार विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

- कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहें, उनकी मेहनत लगातार काम आएगी : पूर्व वित्तमंत्री

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि भाजपा ने कार्यकर्ताओं के दम पर देश व प्रदेशों में विकल्प प्रस्तुत किया है। किसी समय कांग्रेस का न तो केन्द्र में विकल्प था और न ही प्रदेशों में था लेकिन आज देखिए कांग्रेस कहां खड़ी है। यह सब भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। कैप्टन अभिमन्यु भाजपा जिला कार्यालय में हिसार विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ने कड़ी मेहनत से पार्टी को सींचा है, जिसकी बदौलत हम आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता में अपने ढंग से काम करने की क्षमता है, कोई कार्यकर्ता नकारा नहीं है। हमें कार्यकर्ता की शक्ति के अनुसार ही उसे काम देना है ताकि वह अपनी उर्जा का सही ढंग से पार्टी के हित में इस्तेमाल कर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश का नाम विदेशों में रोशन कर रही है।



हिसार। पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।



हिसार। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य।

### पीएम के नेतृत्व में भारत की दुनियाभर में साख बढ़ी

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनियाभर में साख बढ़ी है। पूर्व वित्त मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहें, उनकी मेहनत लगातार काम आएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का आज कोई मुकाबला नहीं है। उनकी मेहनत व समर्पण का ही परिणाम है कि पहले केन्द्र में, फिर हरियाणा में और अब हिसार सहित अन्य नगर निगमों में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

### पार्टी में कार्यकर्ताओं का पूरा मान- सम्मान

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान होता है। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक के लिए जिला कार्यालय पहुंचने पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु का जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारियों ने बुक्के देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा मेयर प्रवीण पोपली, कार्यक्रम संयोजक रामचन्द्र गुप्ता, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी सहित सैकड़ों की संख्या में हिसार विधानसभा के सक्रिए सदस्य मौजूद रहे।

## बब्बर खालसा की धमकी के बाद पंजाब से जुड़े क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट पर

# फतेहाबाद की पुलिस चौकियों व थानों में अतिरिक्त जवान तैनात, पक्के मोर्चे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- जिले का उत्तरी, उत्तर पूर्व व उत्तर पश्चिम क्षेत्र पंजाब सीमा से लगता है
- बाह्मनवाला, महमड़ा, हांसपुर, म्योंदकलां, जाखल व टोहाना में चंडीगढ़ रोड चौकी पर अलर्ट

खालिस्तान संगठन बब्बर खालसा द्वारा हरियाणा की पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले की धमकी के बाद पंजाब सीमा से सटी जिले की पुलिस चौकियों और थानों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। हालांकि बब्बर खालसा के हैप्पी पाशियां का रामनवमी को चौकी पर हमले की धमकी मात्र अफवाह निकली लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी की ओर से बॉर्डर एरिया में बनी पुलिस चौकियों व थानों में 4-4 संतरी भेजे गए हैं।

### चौकियों में आधुनिक हथियार भेजे

इसके अलावा पंजाब सीमा की सभी चौकियों व थानों में सुरक्षा के लिहाज से नीचे व छत पर रेत के बैग भरकर स्थाई मोर्चे बनाने, अलॉट किए गए सभी हथियारों की साफ सफाई करने के भी आदेश दिए गए है, ताकि किसी भी हमले की सूरत में बोरियों की आड़ लेकर मुकाबला किया सके। जिला पुलिस की तरफ से पंजाब सीमा से लगते सभी थाना एसएचओ व डीएसपी को बॉर्डर चौकियों से संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा पुलिस को पंजाब सीमा के साथ लगते गांवों में अपना सूचना तंत्र भी अलर्ट करने के आदेश है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत मिल सके। गौरतलब हैं कि जिला फतेहाबाद का उतरी, उत्तर पूर्व व उत्तर पश्चिम क्षेत्र पंजाब सीमा से लगता है। इनमें गांव बाह्मनवाला, महमड़ा, हांसपुर, म्योंदकलां, जाखल व टोहाना में चंडीगढ़ रोड चौकी शामिल हैं, जिन पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा जिले के चांदपुरा, पिलछियां, बादलगढ़, अलीका खूनन आदि गांव पंजाब से सटे हुए हैं, जिनमें कच्चे पक्के रास्तों से पंजाब में आवाजाही है। इन सभी जगह पुलिस अलर्ट है।



फतेहाबाद। पंजाब सीमा से सटी चौकी पर बनाए मोर्चे पर अलर्ट जवान।



फतेहाबाद। पुलिस चौकी में बना मोर्चा।

### पुलिस कर्मी पूरी तरह मुस्तैद

यह आंतरिक सुरक्षा का मामला है। सुरक्षा के कारण इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती। पुलिस प्रशासन पूरे अलर्ट पर है। किसी भी घटना को सख्ती से निपटा जाएगा
**-आस्था मोदी**, एसपी, फतेहाबाद

## कैप्टन अभिमन्यु की कोठी जलाने का मामला

# खापों की कोर कमेटी ने पंचायती फैसले के अनुसार अदालत में गवाहियों पर संतोष जताया

- रोहतक, सोनीपत और झज्जर की खापों की कोर कमेटी की अहम बैठक में आरक्षण आंदोलन के मुकदमों सहित समाज कल्याण के अहम मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

8 अप्रैल मंगलवार को रोहतक सोनीपत और झज्जर जिलों की खापों की कोर कमेटी की एक अहम बैठक दिल्ली रोड स्थित सनसिटी में हुई ।जिसकी अध्यक्षता अहलावत खाप प्रधान जय सिंह अहलावत ने की। बैठक में समाज कल्याण के मुद्दों नशा मुक्ति, फूहड़ गानों, लिव इन रिलेशन जैसे मुद्दों के साथ-साथ सीबीआई कोर्ट पंचकूला में चल रहे आरक्षण आंदोलन के समय की एफ आई आर 116 जिसमें पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की कोठी जलाने का केस चल रहा है। उसमें पंचायती समझौते के अनुसार चल रही कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया गया। इसमें सभी गवाहियां पंचायती फैसले के अनुसार समाप्ति की ओर हैं। मंत्रणा के बाद सभी सदस्य कैप्टन अभिमन्यु से मिले और उन्हें इस मामले से अवगत कराया। विचार विमर्श के बाद उन्होंने बताया कि पंचायत में किए गए वादे के अनुसार हमने अपना काम पूरा किया है और आगे भी अपना पूरा प्रयास करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अधिवक्ता जितेंद्र हुड्डा ,अहलावत खाप प्रधान जयसिंह अहलावत, रोहतक खाप 84 प्रधान हरदीप अहलावत , मलिक खाप प्रधान दादा बलजीत मलिक,सर्व खाप संयोजक महेंद्र सिंह नांदल, दहिया खाप सुरेंद्र दहिया, हुड्डा खाप पूर्व प्रधान धर्मपाल हुड्डा , देशवाल खाप प्रतिनिधि सुरेश देशवाल और अहलावत खाप सचिन जेएस अहलावत और सर्व खाप प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कोसली में लाखों की लूट व वीडियो बनाने की जांच में जुटी पुलिस

- परिवार के सदस्यों के बयान नहीं खा रहे आपस में मेल, तकनीकी जांच में भी मामला संदिग्ध

**कोसली।** गत 3 अप्रैल की रात चिल्हड़ में एक मकान में घुसे 7-8 लोगों का परिवार के सदस्यों को पिस्तौल व चाकू दिखाकर लाखों रुपये के जेवरात लूटने व ननद-भाभी के कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाने की कहानी पुलिस को रास नहीं आ रही है। शिकायतकर्ता के बयान परिवार के अन्य सदस्यों के बयान से मेल नहीं खा रहे। पुलिस की तकनीकी जांच भी शिकायतकर्ता महिला के आरोपों का साथ नहीं दे रही, जिस कारण मामला पूरी तरह संदिग्ध बना हुआ है। महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में आरोप लगाए थे कि मकान में घुसे बदमाशों ने परिवार के सदस्यों को चाकू व पिस्तौल दिखाकर काबू कर लिया। इसके बाद फर्श खोदकर करीब 17 तोला सोना लूट लिया। ननद और भाभी के कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बनाई। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। उसने आरोप लगाया था कि बदमाश सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। महिला की शिकायत मिलने के बाद थाना सदर पुलिस एक्टिव हो गई थी। पुलिस ने दो महिलाओं का मेडिकल कराने के साथ ही जांच को आगे बढ़ाया था। परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज कराए गए थे। पुलिस के अनुसार परिवार के सदस्यों और महिला के बयान ही मैच नहीं कर रहे, जिस कारण यह मामला संदिग्ध नजर आ रहा है।

# मच्छर ने 25 जिंदगियां डाली खतरे में अनियंत्रित बस पेड़ से टकराई, 5 घायल

- चालक की आंख में मच्छर गिरा
- जिससे उसने बस से नियंत्रण खो दिया

**फतेहाबाद।** एक मच्छर के कारण बस में सवार 25 लोगों की जान खतरे में पड़ गई। गांव हांसपुर से फतेहाबाद आ रही हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद डिपो की बस के चालक की आंख में मच्छर आने से बस चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। गनीमत रही कि सवारियों को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ड्राइवर व 4-5 सवारियों को मामूली खरोंचे आई हैं। राहगीरों ने हादसे की सूचना रोडवेज प्रशासन को दी गई। सवारियों को दूसरी बस व अन्य वाहनों से आगे गंतव्य की ओर भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस लेकर ड्राइवर प्रदीप कुमार हांसपुर से फतेहाबाद आ रहा था। बस में करीब 25 सवारियां थी। कुछ बच्चे सवार भी थे। जैसे ही ड्राइवर बस लेकर गांव बहबलपुर के पास पहुंचा तो अचानक उसकी आंख में मच्छर गिर गया। इससे ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ में टकरा गई। इससे पांच सवारियों को मामूली खरोंचे भी आई। ड्राइवर को भी चोट लगी है।




# कैथल के गांव खानपुर में प्राइवेट स्कूलों की नो एंट्री

- पंचायत व ग्रामीणों का निर्णय
- सरपंच व पंचों के बच्चे भी सरकारी स्कूल में पढ़ेंगे

सूरज सहारण ▶▶ कैथल

कैथल जिले के गांव खानपुर में पंचायत द्वारा एक नई पहल की गई जो पूरे हरियाणा में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव में अब प्राइवेट स्कूलों में बच्चों के प्रवेश पर रोक लगाने की बात कही जा रही है और ग्रामीणों ने बैठक करके फैसला लिया है कि अब गांव के बच्चे गांव के ही सरकारी स्कूल में ही पढ़ेंगे और गांव के स्कूल को अपग्रेड करने के लिए सैनी सरकार से अपील करेंगे जिससे गांव की लड़कियां क्लास आठवी के बाद गांव में ही पढ़ सके। प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस और किताबों की लूट और सरकारी स्कूल को बेहतर बनाने के प्रयास से गांव खानपुर की पंचायत ने मिलकर फैसला लिया है कि सरपंच पंच ओर गांव के सभी बच्चे गांव के ही सरकारी स्कूल में पड़ेंगे जिसको लेकर गांव के सरकारी स्कूल और पंचायत द्वारा मिलकर प्रवेश उत्सव मनाते हुए पूरे गांव बच्चों द्वारा रैली निकालकर गांव वालों को सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ने के लिए जागरूक किया गया। बता दे कि गांव के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं साफ सफाई से लेकर अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। गांव की सरपंच अमनदीप सैनी के प्रतिनिधि सोनू सैनी ने बताया कि गांव की पंचायत और पूरे गांव ने मिलकर एक बड़ा फैसला लिया है कि अब गांव में प्राईवेट स्कूलों की नो एंट्री होगी और सरपंच से लेकर पंच तक के बच्चे भी गांव के सरकारी स्कूल में ही पढ़ेंगें। इससे गांव के स्कूल को अपग्रेड होने में आसानी मिलेगी और सरकारी स्कूल को ओर बेहतर बनाने की पहल होगी।



कैथल। सरपंच अमनदीप सैनी प्रवेश उत्सव रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### प्राइवेट स्कूलों से हटाए गए बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ेंगे

गांव में इस पहल का असर भी दिख रहा है तस्वीरों में दिखाई दे रहे ये बच्चे प्राइवेट स्कूलों से हटकर आए हैं जो अब गांव के सरकारी स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण करेंगे। गांव में जागरूकता रेली निकालते हुए स्कूल के बच्चों ने पूरे गांव में गली-गली गुम ग्रामवासियों को जागरूक किया बच्चों के साथ स्कूल के अध्यापक और सरपंच प्रतिनिधि के साथ साथ पंच भी मौजूद रहे।



### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा

# 'एक राज्य-एक आरआरबी' 1 मई से प्रभावी
# 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण को मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक मई से देश के हर राज्य में एक ही क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) मौजूद होगा। इस प्रस्ताव पर अमल के लिए वित्त मंत्रालय ने 11 राज्यों में 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा जिसके पूरा होते ही आरआरबी की संख्या मौजूदा के 43 से घटकर 28 रह जाएगी।

■ एक राज्य एक आरआरबी के लक्ष्य को साकार किया जाएगा

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, देश के 11 राज्यों- आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा एवं राजस्थान में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का एक इकाई में विलय किया जाएगा। इस तरह 'एक राज्य-एक आरआरबी' के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा।




### आरआरबी एकल इकाई में एकीकृत होगी

*अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के विलय की प्रभावी तिथि एक मई, 2025 तय की गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम, 1976 की धारा 23ए(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुरूप ये आरआरबी एक एकल इकाई में एकीकृत हो जाएंगे।*

### आठ राज्यों को एक में मिलाया जाएगा

इसके अलावा देश के आठ राज्यों- बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में दो-दो आरआरबी को एक में मिलाया जाएगा। दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक को मिलाकर बिहार ग्रामीण बैंक बनेगा जिसका मुख्यालय पटना में होगा।

### तीन चरणों में संख्या 196 से घटकर 43 रह गई

इस सिलसिले में अबतक संचालित तीन चरणों में ऐसे संस्थानों की संख्या 2020-21 तक 196 से घटकर 43 रह गई थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का गठन आरआरबी अधिनियम, 1976 के तहत किया गया था। इनके गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे किसानों, कृषि मजदूरों और कारीगरों को ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करना था।

### क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2000 करोड़ की अधिकृत पूंजी होगी

गुजरात में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक और सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक को मिलाकर गुजरात ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक, सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास 2,000 करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी होगी।

### एकीकरण के पहले सरकार ने पूंजी डाली

एकीकरण के पहले इन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में सरकार ने पूंजी भी डाली है। वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र ने दो साल की अवधि में अपने हिस्से के रूप में 5,445 करोड़ रुपये आरआरबी में डालने का फैसला किया था। वित्त वर्ष 2023-24 में आरआरबी का प्रदर्शन कई मापदंडों पर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया।

### 7571 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज

आरआरबी ने उस साल 7,571 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया और उनका एकीकृत पूंजी पर्याप्तता अनुपात 14.2 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्चस्तर पर था। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2004-05 में आरआरबी के संरचनात्मक एकीकरण की पहल की थी।

## सोना 200 रुपए टूटा तो चांदी 200 रुपए उछली

**नई दिल्ली।** स्थानीय बाजारों में कमजोर मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये गिरकर 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबार में यह 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, पिछले पांच सत्रों की गिरावट के बाद चांदी की कीमतों में उछाल आया और यह 200 रुपये बढ़कर 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_01/25-26, दिनांक 05.04.2025,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला - मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **संक्षिप्त ई-निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_01/25-26** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** जमालपुर-वाल्व के ऑटोमेशन के साथ फुली ऑटोमेटिक वाटर मैनेजमेंट सिस्टम की आपूर्ति, फिक्स करने एवं आरंभ करने का प्रावधान। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.1,15,74,524/-, **बयाना राशि:** रु. 2,08,000/-, **खुलने की तिथि:** 02.05.2025, **कार्य की समापन अवधि:** 06 (छह) माह। MISC-07/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**उत्तर रेलवे**

**संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर (सीएमपी) की नियुक्ति**

**सं- UMBOPERS9 (PP3)18/2020-O/o DPO-II/UMB/NR**

उ. रे., मंडल अस्पताल, अंबाला छावनी–133001 में संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर (सीएमपी) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रमुख खबर तथा भर्ती सूचना के अंतर्गत रिक्तियों की स्थिति, नियम, शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप विस्तृत विज्ञापन के साथ उ. रे. की वेबसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** → Division → Ambala Division → Personnel → Notification and Answer Key Page पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1055/25

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा (नीलामी संचालन अधिकारी), मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिन:732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा मालदा मंडल के तहत बड़हरवा (बीएचडब्ल्यू), जमालपुर (जेएमपी), सुलतानगंज (एसजीजी) और बरियारपुर (बीयूपी) रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल स्टोर के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए www.ireps.gov.in पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। **ऑक्शन कैटलॉग नं. मेडिकल-स्टोर-2, नीलामी शुरू होने की तिथि: 21.04.2025 को 11.45 बजे। मालदा मंडल के तहत मेडिकल स्टोर के लिए ई-नीलामी।** **क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी:**एमएसएस-एमएलडीटी-बीएचडब्ल्यू-एमईडीएसटीएन-21-25-1 एवं **स्टेशन:** बड़हरवा। **क्रम सं.:** एए/2, **लॉट सं./कैटेगरी:**एमएसएस-एमएलडीटी-जेएमपी-एमईडीएसटीएन-19-25-1 एवं **स्टेशन:** जमालपुर। **क्रम सं.:** एए/3, **लॉट सं./कैटेगरी:**एमएसएस-एमएलडीटी-एसजीजी-एमईडीएसटीएन-20-25-1 एवं **स्टेशन:** सुलतानगंज। **क्रम सं.:** एए/4, **लॉट सं./कैटेगरी:**एमएसएस-एमएलडीटी-बीयूपी-एमईडीएसटीएन-22-25-1 एवं **स्टेशन:** बरियारपुर। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें। MLD-12/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF
**Sh. Mohommad Sageer**
Addl. Civil Judge (Sr. Div.), Meham
Case No. Succ/3/2025
CNR No. HRRHA00000482025
Next Date : 06.05.2025

1. MURTI WD/O ZILE SINGH S/O BADAMO, 2. MAMTA WD/O RAJIV KUMAR S/O ZILE SINGH BOTH R/O KHARAK JATAN, SUB TEHSIL LAKHAN MAJRA, TEH. MEHAM, DISTT. ROHTAK
PETITIONERS.
VERSUS
GENERAL PUBLIC
RESPONDENT.

**PETITION U/S 8(C) OF HINDU SUCCESSION ACT FOR GRANT OF PERMISSION TO SELL THE PROPERTY OF MINORS HANSHIKA D/O RAJIV KUMAR AND RAHUL S/O RAJIV KUMAR. (IT IS THEREFORE PRAYED THAT PERMISSION MAY KINDLY BE GRANTED TO THE PETITIONERS TO SELL THE SHARE OF THE MINORS HANSHIKA AND RAHUL BY ACCEPTING THE PETITION ACCORDINGLY)**

NOTICE TO:
**RESPONDENT - GENERAL PUBLIC**

IN ABOVE TITLED PETITION THE RESPONDENT(S) COULD NOT BE SERVED. IT IS ORDERED THAT THE RESPONDENT(S) SHOULD APPEAR IN PERSON OR THROUGH COUNSEL ON 06-05-2025 AT 10.00 A.M. COPY OF PUBLICATION BE SENT TO THE COURT OF UNDERSIGNED BEFORE THE NEXT DATE OF HEARING. **FOR MORE DETAILS LOGON: https://districts.ecourts.gov.in/rohtak**

Sd/- Mohommad Sageer, Addl. Civil Judge (Sr. Div.), Meham



**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक द्वारा उपायुक्त महोदय के निर्देश पर लघु सचिवालय पार्किंग रोहतक, (DC Office) एवं उप मंडल अधिकारी नागरिक लघु सचिवालय महम, उपमंडल अधिकारी नागरिक लघु सचिवालय सांपला, तहसील परिसर कलानौर, उप तहसील परिसर लाखन माजरा में आगामी 2 वर्ष के लिए खुली बोली के माध्यम से कैंटीन, पार्किंग, फोटो स्टेट फॉर्म, फाइल, कंप्यूटर बूथ आदि की बोली दिनांक 16 अप्रैल 2025 को दोपहर 3:00 बजे नगराधीश कार्यालय में नगराधीश रोहतक की उपस्थिति में लगाई जाएगी। बोली 10000 से शुरू होगी बोली दाता को 50000 धरोहर राशि के रूप में नगद अथवा ड्राफ्ट के माध्यम से बोली से पूर्व रेड क्रॉस सोसायटी रोहतक में जमा करवाना है। इच्छुक बोली दाता किसी भी कार्य दिवस पर बोली के नियम और शर्तों की प्रति रेड क्रॉस से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये निम्नलिखित मोबाइल नं. पर सम्पर्क कर सकते है नोट : महम उपमंडल में कैंटीन को छोड़कर सभी की बोली लगाई जाएगी (कैंटीन पूर्व में दी जा चुकी है)

**सचिव रेड क्रॉस रोहतक-8571856900**
**लेखाकार रेड क्रॉस रोहतक-7404172954**
**उपायुक्त एवम प्रधान, रेड क्रॉस सोसाइटी, रोहतक।**


## साइंट चिप कारोबार में 10 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

मुंबई। घरेलू प्रौद्योगिकी कंपनी साइंट ने अपने नवगठित सेमीकंडक्टर कारोबार में 10 करोड़ डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हैदराबाद मुख्यालय वाली कंपनी सितंबर तक बाहरी निवेशक से पूंजी जुटाने पर विचार कर रही है और इसके लिए कई मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति की जा रही है। कंपनी के कार्यकारी वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कृष्णा बोडानापु ने कहा कि इस धनराशि का इस्तेमाल प्रतिभा-प्रधान अनुसंधान और विकास प्रयासों में किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कितनी धनराशि जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, इसकी कोई जानकारी नहीं दी। बोडानापु ने कहा कि निदेशक मंडल ने नए उद्यम के लिए पहले ही 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है।


## शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 1,089 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई के निफ्टी में 374 अंक की बढ़त रही। एशिया और यूरोप के बाजारों में मजबूती के बीच निचले स्तर पर चौतरफा लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। एक दिन पहले बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में 10 महीने की सबसे बड़ी गिरावट आई थी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,089.18 अंक बढ़त के साथ 74,227.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,721.49 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के 29 शेयर लाभ में रहे। निफ्टी भी 374.25 अंक की बढ़त के साथ 22,535.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 535.6 अंक तक चढ़ गया था।

■ तीन दिनों से जारी गिरावट पर लगा विराम

मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख से स्थानीय मानक सूचकांकों में अच्छी तेजी आई।




### निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

शेयर बाजार में मंगलवार को आई तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.32 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शेयर बाजार में तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 7,32,042.69 करोड़ रुपये बढ़कर 3,96,57,703.44 करोड़ रुपये (4,620 अरब डॉलर) पर पहुंच गया।

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहे। निक्की 225 में छह प्रतिशत की तेजी आई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था।

## भारत से दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का स्मार्टफोन निर्यात

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश में निर्मित मोबाइल फोन का निर्यात दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जिसमें 1.5 लाख करोड़ रुपये का योगदान अकेले आईफोन का है। वैष्णव ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में स्मार्टफोन निर्यात में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वैष्णव ने कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में स्मार्टफोन निर्यात दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। स्मार्टफोन अब भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रमुख उत्पादों में से एक हो गया है। इस दौरान करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के आईफोन का भी निर्यात हुआ।"

## सरकार बनी वोडाफोन-आइडिया की सबसे बड़ी हिस्सेदार

**नई दिल्ली।** वोडाफोन आइडिया (वीआई) क्या अब सरकार की कंपनी बन गई है? यह सवाल कई निवेशकों और ग्राहकों के मन में है, क्योंकि भारत सरकार अब इस टेलीकॉम कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि वीआई अब एक सरकारी कंपनी बन गई है। इस पूरे मामले को विस्तार से समझते हैं। पहले वोडाफोन आइडिया पर सरकार का 16,133 करोड़ रुपए का बकाया था, जो एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआई) और स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (एसयूसी) से जुड़ा था। कंपनी के पास नकदी की भारी कमी थी, जिसके चलते वह इस बकाये का भुगतान नहीं कर सकी। 2023 में सरकार ने वीआई के इस बकाए को इक्विटी (शेयर) में बदलने का फैसला किया। इसके बाद, भारत सरकार को 33.1 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल गई और वह कंपनी की सबसे बड़ी शेयरधारक बन गई। अब हाल ही में एक बार फिर सरकार ने वोडाफोन आइडिया (वीआई) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। भारत सरकार की हिस्सेदारी बढ़कर अब 48.99 प्रतिशत हो गई है। दरअसल, वोडाफोन आइडिया पर 36,950 करोड़ रुपए का स्पेक्ट्रम बकाया था जिसे सरकार ने इक्विटी यानी स्टॉक्स में बदल दिया।

## सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सेबी ने बनाया खाता

नई दिल्ली। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना आधिकारिक खाता बनाने की मंगलवार को जानकारी दी। सेबी इस पर विनियमनों, आदेशों, परिपत्रों और प्रेस विज्ञप्तियों से संबंधित अधिसूचनाएं साझा करेगा, जो नियामक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगी। बाजार नियामक ने बयान में कहा, 'सेबी से जुड़ी विभिन्न जानकारियों तुरंत पाने के लिए निवेशक, उद्योग जगत, मध्यस्थ व अन्य हितधारक @एसईबीआई_यूपीडीएटीईएस (@सेबी_अपडेट्स) से जुड़ें।' इन नए खाते को औपचारिक तौर पर चार अप्रैल को पेश किया गया था।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।




## सोनालीका ने वित्त वर्ष 2025 में अब तक की सर्वाधिक ट्रैक्टर बिक्री की

**नई दिल्ली।** प्रमुख ट्रैक्टर और कृषि मशीनीकरण ब्रांड सोनालीका और सोलिस के संचालक इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 का समापन अब तक की सर्वाधिक 1,53,764 कुल वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री और 14.8 फीसदी कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ किया है। इस दौरान घरेलू बाजार में सोनालीका का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा और ये कंपनी की प्रसिद्ध हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के कारण संभव हुआ है जिसने पूरे भारत के साथ-साथ 150 देशों में लोकप्रियता हासिल करना जारी रखा है। ये वर्ष ख़ास इसलिए भी रहा क्यूंकि आई टी एल समूह को प्रतिष्ठित फॉर्च्यून 500 भारत की सबसे बड़ी कंपनियों की सूची में 237वीं रैंक के साथ अपनी पहली प्रविष्टि मिली और भारत के शीर्ष 10 ऑटो ब्रांड्स में मान्यता दी गई। सोनालीका के बुनियादी मूल्य जैसे ग्राहक के प्रति जूनून और निरंतर इनोवेशन लगातार कंपनी को आगे बढ़ा रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने अपनी तरह की एक ख़ास नीति जैसे एक देश.एक ट्रैक्टर.एक कीमत प्रस्तुत की जो अपने ग्राहकों के लिए समानताए पूर्ण विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। कंपनी की वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतें प्रदर्शित करना पिछले दो वर्षों से एक बेजोड़ कदम है जो किसानों को मानसिक शांति का आश्वासन देता है। इसके साथ ही, कंपनी ने इस वर्ष महाराष्ट्र में चीता सीरीज जैसे जबरदस्त ट्रैक्टर भी पेश किए जिसमें 18.32 एचपी सेगमेंट के अंतर्गत सबसे बड़े इंजन, मजबूत हाइड्रोलिक्स, नया लुक और 4डी कूलिंग है।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Jitesh Kumar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
**MUKESH**
**Vs.**
**SHRIBHAGWAN**
CNR No. HRJR02-001416-2022
Next Date : 24.04.2025

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Defendant No 3. Gyano@ Gayatri D/o Sarbati 4. Nand Kishore (Deceased) son of Nanhati Through her legal heirs 4(a) Lalit (b) Satish C) Pawan sons (d) Latisa D/o (e) Shanti W/o Nand Kishor all R/o Village Nangal District Rewari 5. Shara D/o Nanhati (6) Gindori (7) Prem D/o Khayali (8) Indrawati (since deceased) D/o Khayali through her legal heirs (a) Hariom (b) Modi sons (c) Rajesh (d) Seema d/o Indrawati D/o Khayali all R/o Village Khijuriwas Tehsil Tijara District Alwar (Rajasthan) 9. Krishana (10) Kamlesh Ds/o Khayali S/o Molad all R/o Village Salhawas District Jhajjar.**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **24.04.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***

Sd/- Jitesh Kumar Sharma, Civil Judge (Junior Division), Jhajjar



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआई सीएडीए जींद | वाटर कोर्स के आउटलेट आरडी नं. 80564. जे.डी. नं. 04 की रिमॉडलिंग / पुनरोद्धार + 6 कार्य | बंद होने की तिथि 21.04.2025 | ऑनलाइन प्रकाशित एनआईटी में विवरणानुसार | https://etenders.hry.nic.in | 9991129289 xenjindcad1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33719/I/88/6 दि. 08.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी विकास नगर परिषद गोहाना | एमसी गोहाना वार्ड नं. 17 खटक वाली कोठी के निकट रामफल देशवाल से सीसी और पीवीसी पाइप सहित गली का निर्माण + 5 कार्य | 07.04.2025 16.04.2025 | लागू नहीं | https://etenders.hry.nic.in | 01263252013 eamcgohana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33720/I/88/6 दि. 08.04.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जिला सिरसा-I जीएसएसएस पिपली में बरामदरा, हॉल और बास्केट ग्राउंड सहित 5 एकड़ का निर्माण +2 कार्य | 05.04.2025 15.04.2025 | 2.13 करोड़ | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33734/I/88/6 दि. 08.04.25

**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO : 69/CCR/2024-25 | सेंट्रल स्टोर यूएचबीवीएन रोहतक में चार दिवारी का निर्माण समय निम्नानुसार, बंद होने की तिथि 15/04/2025 तक बढ़ा दिया गया है। खुलने की तिथि 15/04/2028 अप. 1.00 बजे तक | www.uhbvn.org.in | 9991480086 xencivilrohtak@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NIT NO. FA/COLLECTION/ UH/11/2 025 DATED 03.03.2025 | यूएचबीवीएन पर प्रीपेड मॉड्यूल पर एनर्जी बिल एकत्र करने हेतु भारत कनैक्ट (पूर्ववर्ती भारत बिल पेमेंट सिस्टम-बीबीपीएस) भारत कनैक्ट आउस (पूर्ववर्ती भारत बिल पेमेंट) सिस्टम-बीबीपीएस प्रचालन इकाइयां -बीबीपीओयूएस) की नियुक्ति-निविदा के बंद होने की तिथि 21/04/2025 को 1.00 बजे तक बढ़ा दी गई है। | www.uhbvn.org.in | 9569666604 acollectionuhbvnigr @uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2026/40/33736/I/88/6 दि. 08.04.25


## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5831



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5830 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5841

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5840 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |



## आईपीएल : निकोलस पूरन ने खेली 87 रन की नाबाद पारी


# आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा मुकाबला लखनऊ ने कोलकाता को 4 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 21वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 4 रन से हराते हुए अपनी तीसरी जीत दर्ज की है। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी ने पहले खेलते हुए 238/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआरकी टीम 234/7 का स्कोर ही बना सकी।

### इस तरह से रहा रोचक मुकाबला

एलएसजी से एडेन मार्करम (47) और मिचेल मार्श (81) की सलामी जोड़ी ने 99 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत मिलने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए निकोलस पूरन ने 36 गेंदों में नाबाद 87 रन बनाए और टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में क्विंटन डिकॉक (15) के जल्दी आउट होने के बाद केकेआर से सुनील नरेन (30), वेंकटेश अय्यर (45) और अजिंक्य रहाणे (61) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।




### पूरन ने पूरे किए 2000 रन

पूरन ने इस पारी के दौरान खास उपलब्धि हासिल की है। अपनी पारी का 30वां रन बनाते ही उनके आईपीएल करियर में 2,000 रन भी पूरे हो गए। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले 52वें बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने सर्वाधिक रनों के मामले में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज जेपी डुमिनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने इस लीग में 83 मैचों में 2,029 रन बनाए थे।

### केकेआर ने पावरप्ले में बनाए 90 रन

केकेआर ने शुरुआती 6 ओवर के बाद 90/1 का स्कोर बनाया था। यह पावरप्ले ओवर्स में केकेआर का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। बता दें कि केकेआर का शुरुआती 6 ओवर्स में सबसे बड़ा स्कोर 105/0 (बनाम आरसीबी 2017) रहा है।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन माक्रम बो राणा | 47 | 28 | 4 | 2 |
| मिचेल मार्श का सिंह बो रसेल | 81 | 48 | 6 | 5 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 87 | 36 | 7 | 8 |
| अब्दुल समद बो राणा | 06 | 04 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 04 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13 रन, योग : 20 ओवर में 3 विकेट पर 238 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-35-0, जॉनसन 3-0-46-0, चक्रवर्ती 4-0-31-0, राणा 4-0-51-2, नारायण 3-0-38-0, रसेल 2-0-32-1

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक पगबाधा बो आकाशदीप | 15 | 9 | 0 | 2 |
| नारायण का माक्रम बो राठी | 30 | 13 | 4 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे का पूरन बो ठाकुर | 61 | 35 | 8 | 2 |
| वअय्यर का माक्रम बो आकाशदीप | 45 | 29 | 6 | 1 |
| रमनदीप का माक्रम बो बिश्नोई | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी का पंत बो आवेश | 05 | 04 | 1 | 0 |
| आंद्रे रसेल का मिलर बो ठाकुर | 07 | 04 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 38 | 15 | 6 | 2 |
| हर्षित राणा नाबाद | 10 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 20 रन, योग : 20 ओवर, 234/7 रन
गेंदबाजी : आकाशदीप 4-0-55-2, ठाकुर 4-0-52-2 आवेश 4-0-45-1, राठी 4-0-33-1, बिश्नोई 4-0-47-1



▶▶चेन्नई लगातार चौथा मैच हारी

▶▶प्रियांश आर्या का 39 बॉल पर शतक

## प्रियांश के शतक से पंजाब ने सुपरकिंग्स को हराया

**मुल्लांपुर।** सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य के तूफानी शतक से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को 18 रन से हरा दिया जो सुपरकिंग्स की लगातार चौथी हार है। पंजाब किंग्स के 220 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (69 रन, 49 गेंद, छह चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और शिवम दुबे (42) के साथ तीसरे विकेट की उनकी 89 रन की साझेदारी के बावजूद पांच विकेट पर 201 रन ही बना सकी। कॉनवे ने रचिन रविंद्र (36) के साथ भी पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। पंजाब किंग्स की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट चटकाए। पंजाब किंग्स ने इससे पहले खराब शुरुआत से उबरते हुए छह विकेट पर 219 रन बनाए। आईपीएल इतिहास का संयुक्त रूप से चौथा सबसे तेज शतक जड़ने वाले प्रियांश ने 42 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से 103 रन की पारी खेली।

## गुजरात अपना दबदबा कायम रखेगी या फिर आरआर तोड़ेगी उसका गुरूर, फैसला आज



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 23वां मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को होगा। मौजूदा सीजन में अब तक जीटी ने 4 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि आरआर ने अपने 4 में से 2 मुकाबलों में जीत दर्ज की हुई है।शुभमन गिल की कप्तानी वाली जीटी अपने घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाना चाहेगी। जीटी और आरआर के बीच होने वाला यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच हुए मैचों में गुजरात टाइटंस का पलड़ा भारी रहा है। जीटी और आरआर के बीच अब तक कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। पांच मुकाबलों में गुजरात टाइटंस को जीत मिली है और सिर्फ 1 मैच राजस्थान रॉयल्स ने अपने नाम किया है। आईपीएल 2024 में दोनों के 1 मुकाबला खेला गया था, जिसमें जीटी ने जीत दर्ज की थी।

## मार्च में खूब चला श्रेयस का बल्ला बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मार्च 2025 महीने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के श्रेयस अय्यर को नामित किया। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रविंद्र भी इस पुरस्कार के लिए नामांकित हुए हैं। बता दें कि इन तीनों खिलाड़ियों ने मार्च 2025 में अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिलाओं में अमेरिका की चेतना प्रसाद, ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वॉल को नामित किया गया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में जमकर बटोरे थे रन

अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय बल्लेबाजी क्रम में संकटमोचक बनकर उभरे थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। अय्यर इस संस्करण में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने 5 पारियों में 48.60 की औसत और 79.41 की स्ट्राइक रेट के साथ 243 रन बनाए थे। उन्होंने मार्च में 3 वनडे में 57.33 की औसत से 172 रन बनाए थे।

## रोहित शर्मा के नाम पर हो सकता है वानखेड़े स्टेडियम का स्टैंड



**मुंबई।** बीते सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में शिकस्त मिली। फिलहाल इस लीग में हिस्सा ले रहे एमआई के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा से जुड़ी अच्छी खबर है। दरअसल, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन रोहित के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम के एक स्टैंड का नाम रख सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है अंतिम फैसला :** बता दे कि एमसीए को अपने क्लब सदस्यों से वानखेड़े स्टेडियम के बाहर स्टैंड या विभिन्न स्थानों के नाम, भारतीय खिलाड़ियों के नाम पर रखने के अनुरोध और प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, सदस्यों की ओर से सुझाव आए हैं और ऐसी खबर है कि 15 अप्रैल को इस पर निर्णय लिया जाएगा।

कई नए चेहरे शामिल

## तीन देशों की ट्राई सीरीज 27 से महिला क्रिकेट टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने आगामी सीनियर महिला त्रि-राष्ट्र श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अप्रैल से श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें हिस्सा लेंगी। इस ट्राई सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई हरमनप्रीत कौर करेंगी। उपकप्तान के रूप में स्मृति मंधाना को चुना गया है। भारतीय टीम के अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी जैसे जेमिमाह रोड्रिग्स, हरलीन देओल और रिचा घोष भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी मौका मिला है। कश्मीरी गौतम, एन श्री चारानी और



शुचि उपाध्याय को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

### ट्राई सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (वीसी), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसब्निस, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय।



## चिंतन

# राज्यपाल अपनी 'शक्ति' के दायरे में ही काम करें

राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव का देश में पुराना इतिहास रहा है। ताजा मामला तमिलनाडु का है, जिसमें सुप्रीम अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को संवैधानिक आईना दिखाया है। उच्चतम न्यायालय ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा रोके गए और राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए 10 विधेयकों को मंजूरी दे दी, साथ ही राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों के लिए समयसीमा भी तय कर दी है। उच्चतम न्यायालय ने सख्त लहजे में कहा, 'दस विधेयकों को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखने का राज्यपाल का कदम गैरकानूनी और मनमाना है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों को उस तारीख से स्वीकृत माना जाएगा जिस दिन इन्हें राज्यपाल के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया था। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल को पुनः भेजे गए विधेयकों को पारित माने जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकार का इस्तेमाल किया है। समय सीमा निर्धारण का शीर्ष अदालत का अपनी तरह का पहला आदेश है। न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा कार्य निर्वहन किए जाने को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा निर्धारित नहीं है। कोई निश्चित समयसीमा न होने के बावजूद, अनुच्छेद 200 को इस तरह से नहीं पढ़ा जा सकता कि यह राज्यपाल को उन विधेयकों पर कार्रवाई नहीं करने की अनुमति देता है, जिन्हें उनके सम्मुख संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया है। पीठ ने समयसीमा तय करते हुए कहा कि किसी विधेयक पर मंजूरी रोककर उसे मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के लिए सुरक्षित रखने की अधिकतम अवधि एक माह होगी। यदि राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना सहमति को रोकने का फैसला किया है तो विधेयकों को तीन महीने के अंदर विधानसभा को लौटाया जाना चाहिए। समयसीमा का पालन नहीं होने पर अदालतों में न्यायिक समीक्षा होगी। समय सीमा के निर्धारण से विधानसभा व राजभवन के बीच जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा नहीं हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट का यह सराहनीय पहल है। अतीत में अनेक बार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव की स्थिति बनी है। गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका सवालों के घेरे में रहे हैं। अतीत में केरल, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब आदि राज्यों में चुनी हुई सरकार व राजभवन के बीच टकराव देखने को मिला है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब सबसे अधिक अनुच्छेद 356 कर दुरूपयोग देखने को मिला था। जनता पार्टी की अल्प समय की सरकार के समय भी राज्यपाल ने अपनी शक्ति का दुरूपयोग किया था। तमिलनाडु व छत्तीसगढ़ के मामले में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य का निर्वाचित प्रमुख नहीं होने के नाते, राज्यपाल विधानसभा सत्र की वैधता पर संदेह नहीं कर सकते या सदन द्वारा पारित विधेयकों पर अपने फैसले को अनिश्चित काल तक रोक नहीं सकते। राज्यपाल को विधानसभा से पारित क़ानून पर सवाल-जवाब करने का अधिकार नहीं है। या तो वे विधेयक पर हस्ताक्षर करें या इस वापस करें। राज्य की विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपालों द्वारा दबाए रखना 'आग से खेलने वाला' कदम है जो 'चिंता का विषय' है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल 'पूर्ण वीटो' या 'आंशिक वीटो' (पॉकेट वीटो) की अवधारणा नहीं अपना सकते। राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति के दायरे में ही काम करें तो गरिमा बनी रहेगी।

## ऑनलाइन गेमिंग एप्स

मुरारी गुप्ता



# अकर्मण्यता के जाल में युवा ऊर्जा

जयपुर जिले के कुणाल सिंह को कुछ सालों पहले आईपीएल देखने का चस्का लगा था। मोबाइल पर आईपीएल देखते-देखते वह इसी खेल से जुड़े ऑनलाइन गेम एप में रजिस्टर हो गया। अब क्रिकेट देखने के साथ एप पर खेलने का चस्का लगा। क्रिकेट से ज्यादा एप का शौक पैदा हुआ। कुछ पैसे खाते में आने लगे। उसका चस्का और बढ़ा। पैसा जीतने और हारने के खेल में उसने अपना घर गिरवी रख दिया। घर गिरवी रखने के बाद अब उसकी मानसिक हालात ऐसी है कि वह पागलों की तरह व्यवहार करने लगा है। आये दिन घर में पत्नी और बच्चों के साथ मार-पीट और जैसे-तैसे उधार लेकर नशा उसका रूटीन बन गया है। सड़क के ऊपर चमचमाते बोर्डों पर बड़ी खेल और फिल्म शख्सियतों की तस्वीरों के साथ दिखाए जा रहे रातों-रात अमीर होने के सपनों में देश के युवा किसी गहरी,अनजानी और अकर्मण्यता की सुनसान गली में धंसते जा रहे हैं। यह ऐसी संकरी गली है, जिसकी संकरी दीवारों पर चमचमाते ख्वाब उगे हुए हैं, मगर उनकी जड़ें उंगली भर भी नहीं है। यह लत की संकरी गली है, जिसमें वापसी का कोई रास्ता नहीं है। कई बार यह संकरी गली जीवन के बर्बाद होने और आत्महत्या के महासागर में भी मिल जाती है। तकनीक के विकास के साथ ऑनलाइन गेमिंग एप्स युवाओं के जीवन का दिलचस्प अंग बन चुके हैं। हालांकि, ये एप्स मनोरंजन और कौशल विकास के कुछ अवसर प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके बढ़ते प्रभाव ने समाज में अनके तरह की चिंताएं पैदा कर दी है। ऑनलाइन सट्टेबाजी, फैंटेसी गेम्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स ने नई पीढ़ी को आर्थिक और मानसिक रूप से बुरी तरह झकझोर दिया है। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिन्हें युवा पीढ़ी अपना भाग्य समझती है, अपना सितारा समझती है, वे सितारे ही इन गेम्स को प्रमोट करते नजर आते हैं। इनमें कुछ तो पद्मश्री प्राप्त सितारे भी हैं। बड़ी सेलिब्रिटीज और क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा इनका प्रचार किए जाने से इन गेम्स को सामाजिक स्वीकृति मिल रही है। यह एक गंभीर मुद्दा है। ऑनलाइन गेमिंग एप्स का सबसे बड़ा नकारात्मक प्रभाव युवाओं की उत्पादकता पर पड़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि गेमिंग की लत नई पीढ़ी में एकाग्रता की कमी के साथ उनमें मानसिक तनाव और आक्रामकता को बढ़ावा दे रहे हैं। भारत में लॉटरी गैर कानूनी है। देश में लॉटरी रेगुलेशन एक्ट-1998 लागू है। ये एक्ट साफ तौर पर लॉटरी खेलने पर प्रतिबंध लगाता है। हालांकि इसमें एक छूट दे रखी है कि अगर राज्य सरकारें अपनी आधिकारिक लॉटरी चलाना चाहें, तो ऐसा कर सकती हैं। हालांकि कुछ राज्यों में अब भी लॉटरी चल रही हैं, लेकिन फैंटेसी गेम्स के नाम पर अब कई ऑनलाइन गेम्स चल रहे हैं, जिसे वैधानिक छूट भी प्राप्त है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों ने इन फैंटेसी गेम एप्स पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इन गेम्स को कौशल आधारित खेल बताया जाता है, जिसमें गेम खेलने वाला कथित तौर पर अपने कौशल का उपयोग कर टीम बनाता है, और गेम खेलता है। ऑनलाइन गेमिंग के साथ अंतर केवल इतना है कि यह अब डिजिटल हो गया है और बड़ी-बड़ी हस्तियां इसे प्रमोट कर रही हैं। विज्ञापनों में दिखाया जाता है कि ये गेम्स मनोरंजन और कौशल के लिए हैं, लेकिन असल में ये जुए को ही बढ़ावा देते हैं। युवाओं पर इनका गहरा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि वे अपने आदर्शों को फॉलो करते हैं। बड़ा सवाल क्या यह है कि क्या यह नैतिक रूप से उचित है? बड़ी हस्तियों का समाज पर प्रभाव होता है। यदि वे नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। राज्य को ऑनलाइन गेमिंग एप्स को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए। गेमिंग रेगुलेशन बनाकर एक स्पष्ट कानून बनाना चाहिए जिससे इन एप्स की गतिविधियों को नियंत्रित किया जा सके। सेलिब्रिटीज को ऐसे गेम्स के प्रचार से रोका जाए। इन प्लेटफॉर्म्स पर 21 वर्ष से कम आयु के लोगों की भागीदारी पर रोक लगनी चाहिए। युवाओं को सिखाया जाए कि कैसे सही तरीके से निवेश किया जाए और आर्थिक नुकसान से बचा जाए। समाज के स्तर भी जागरूकता की आवश्यकता है। माता-पिता को बच्चों पर नजर रखने की जरूरत है। स्कूलों और कॉलेजों में ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचने के उपायों पर चर्चा होनी चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग एप्स, विशेष रूप से सट्टा आधारित खेल, समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं। यदि सरकार और समाज ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो यह समस्या और विकराल रूप धारण कर सकती है। एक पूरी पीढ़ी अकर्मण्यता की शिकार हो सकती है, जिसका खामियाजा अंततः देश और समाज को होगा।

(लेखक उपन्यासकार और डीडी न्यूज में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

ऋतुपर्ण दवे

उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा ईर्ष्या भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप को घर कर गई। कहीं बदली हुई परिस्थितियों में अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

# ट्रंप के टैरिफ से सकते में दुनिया

ट्रंप के मन में टैरिफ को लेकर आया विचार एकाएक नहीं है। उनके व्यवसाय को जापानियों से मिली चुनौतियों के चलते 1990 के दशक की घटना है, जिससे क्रुद्ध ट्रंप अब पलटवार कर रहे हैं। यह अर्से से उनके मन में पाला हुआ मंसूबा है। वास्तव में ट्रंप के मन में जापानियों की प्रतिभा को लेकर पनपा भाव ही आज उनके टैरिफ की असल वजह है। वो मानते हैं कि जब मुक्त व्यापार अस्तित्व में नहीं था तब जापान, अमेरिका के बाजार में जबरदस्त पैठ बना रहा था, लेकिन अपने यहां व्यापार करना असंभव सा कर दिया था। बस यही टीस बिजनेसमैन ट्रंप के मन में घर कर गई और उनके मन में एक गांठ बन गई। हालांकि उसी दौर में उन्हें नकदी की जबरदस्त जरूरत हुई और मजबूरन जापान की ओर आस भरी निगाहों से देखने लगे, लेकिन ट्रंप 1980 के दशक से ही इस बात से बखूबी वाकिफ थे कि मशहूर जापानी निवेशक रॉकफेलर अमेरिकी ब्रांड्स और संपत्तियों के अधिग्रहण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे उनके नजरिये में ऐसा बदला जो आज आयात पर टैरिफ के सच के रूप में हम सबके सामने है। यहीं से उनके दिमाग में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने का मंसूबा भी बना और वो लंबी रणनीतियों और विचारों को लोगों से सार्वजनिक मंच पर जाहिर भी करने लगे।

वर्ष 1987 में ट्रंप की किताब 'ट्रंप- द आर्ट ऑफ द डील' में अमेरिकी व्यवसाय पर उनकी विस्तृत सोच के साथ मंशा भी झलकती है। लोकप्रिय द ओपरा शो के होस्ट ओपरा विनफ्रे के साथ भी तभी एक लाइव कार्यक्रम में उनका साफ-साफ कहना कि अमेरिकी विदेश व्यापार नीति को वो कैसे सबसे अलग तरीके से संभालेंगे और इससे अमेरिका के लिए सही कीमत वसूलेंगे उनका रणनीतिक शो था। इतना ही नहीं ट्रंप ने अपने विचारों को एक खुली चिट्ठी के रूप में अमेरिका के सर्वाधिक लोकप्रिय तीन समाचार पत्रों में भी बतौर विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसमें उनके एक लाख डॉलर खर्च हुए थे। मतलब उनका नजरिया पहले ही साफ हो चुका था। यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उनकी सोच और वास्तविकता में तब और अब में काफी फर्क है। आज अमेरिका का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्दी चीन है न कि जापान। 1990 के दशक के युवा रियल एस्टेट डेवलपर डोनाल्ड ट्रंप की सोच आज भी वही है, जबकि धरातल पर समय के साथ काफी कुछ बदल गया है, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते ही नहीं। बतौर राष्ट्रपति और व्यवसायी ऐसी सोच अंतरराष्ट्रीय हितों के खिलाफ हो सकती है। जैसा कि साफ झलक रहा है, इससे अमेरिका में विदेशी व्यापारिक निवेश घटेगा जिसका अंतरराष्ट्रीय गठबंधन पर भी असर पड़ेगा। सौ देशों की अमेरिकी 'डिस्काउंटेड रेसिप्रोकल टैरिफ' वाली सूची में भारत भी शामिल है, जिस पर 26 प्रतिशत टैरिफ है जो कई एशियाई देशों की तुलना में कम है। भले ही भारत पर इसका प्रभाव अभी कम पड़े, लेकिन भविष्य को लेकर इसकी कोई गारंटी भी तो नहीं कि कब और कितना बढ़ जाए? इधर चीन ने भी अमेरिका पर 34 प्रतिशत टैरिफ



लगा दिया है, जिस पर तिलमिलाए ट्रंप ने 9 अप्रैल तक इसे वापस नहीं लेने पर 50 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दे रहे हैं। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।

वहीं दूसरी तरफ ब्लूमबर्ग की हालिया सूची बताती है कि ट्रंप के करीबी मस्क की कुल नेटवर्थ 300 अरब डॉलर के नीचे चली गई है। जनवरी 2025 से अब तक 135 अरब डॉलर यानी करीब 12 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठा चुके हैं। इसी सोमवार को अमेरिकी बाजार में आई गिरावट से एलन मस्क़ को करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जबकि बीते हफ्ते दो दिन में ही मस्क के 31 अरब डॉलर डूब गए। इस तरफ ट्रंप के अघोषित टैरिफ वार से विश्व में सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वालों की सूची में मस्क छठे क्रम पर आ चुके हैं। इस तरह से देखा जाए तो कुल मिलाकर आसार बिल्कुल भी अच्छे नहीं हैं।

नए बजट में ग्रामीण विकास के लिए किया गया 1,88,754 करोड़ तथा किसान कल्याण के लिए बीते बरस की तुलना में 11 प्रतिशत ज्यादा यानी 1.71 लाख करोड़ रुपयों का बजट में प्रावधान बताता है कि हमने अपने आर्थिक मोर्चों पर कैसी तैयारी कर रखी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही 02 अप्रैल 2025 को अमेरिका का मुक्ति दिवस बता रहे हों, लेकिन जिस तरह से दुनियाभर के शेयर बाजार धराशायी हुए, उससे कुछ अलग ही समझ आ रहा है। ट्रंप भले ही कहें कि हमारे करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने वाला उनका आदेश उनकी ईर्ष्या, खीझ और अजीब सी दूरगामी सोच का ही दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नजर नहीं आ रहा है।

अब अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर यूरोपीय यूनियन के टैरिफ के लिए 9 अप्रैल का इंतजार करना होगा, जिस पर मतदान होना है। यदि यह भी जस का तस जैसे रहा तो आसार और बिगड़ सकते हैं। पहले ही दुनियाभर के शेयर बाजार धड़ाम हो चुके हैं और खुद अमेरिका भी इसके असर से अछूता नहीं है।

ट्रंप का अमेरिका में ही विरोध होने लगा है। उन्हें न केवल तानाशाह, बल्कि अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करने वाला सनकी तक कहा जाने लगा है। सभी पचास राज्यों में 150 संगठनों का 1200 से ज्यादा प्रदर्शनों में हजारों का जुटना बताता है कि चिंता कितनी गंभीर है। 'हैंड्स ऑफ' नाम के इस प्रदर्शन में शनिवार को हजारों लोग जुटे। 2017 में महिला मार्च और 2020 में ब्लैक लाइव्स आन्दोलन के बाद ट्रंप का ऐसा भारी विरोध हो रहा है। इसके साथ ही एक अहम बात यह भी है कि एलन मस्क का दखल भी अमेरिकियों को पसंद नहीं आ रहा है। उन पर नौकरी में छंटनियों के मंसूबों सहित सत्ता हथियाने जैसे गंभीर आरोप लग रहे हैं। इधर भारत और खुद अमेरिका सहित दुनियाभर के शेयर बाजारों में बीते सोमवार को खुलते ही जबरदस्त तो कहीं ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है। निश्चित रूप से इसे शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता है।

व्यावसायिक हितों और तमाम दूसरे मामलों में सतर्क दुनिया ने एकजुट होकर ट्रंप को जवाब देना शुरू कर दिया है, जिससे वैश्विक ट्रेड वार की आशंका बढ़ गई है। काश ऐसा नहीं होता और डोनाल्ड ट्रंप समझदारी और विवेक से काम लेते। दुनिया में कम से कम खुशहाल इंसानियत के लिए तो सौदेबाजी से बचा जाए, लेकिन ट्रंप नहीं माने और बदली हुई परिस्थितियों में बाकी सभी एकजुट हो आपदा में अवसर तलाशने लगें तो कहीं अमेरिका ही हाशिए पर न चला जाए? अच्छा होता कि इतनी सी बात को तो ट्रंप समझ पाते!

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित

दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहां जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहां चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियां हो गया। चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची।

इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया–' तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही स्थिर व्यक्तित्व

आज व्यक्ति दो व्यक्तित्व का जीवन जी रहा है। एक उसका बाहरी व्यक्तित्व है जिसे उसके आसपास का वातावरण नियंत्रित करता है। यह व्यक्तित्व परिवर्तनशील है। बाहरी वातावरण के बदलने से यह भी बदल जाता है। उदाहरणत: व्यक्ति जब किसी धार्मिक या आध्यात्मिक वातावरण के संपर्क में आता है तो उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में सात्विकता को अनुभव किया जा सकता है और जब बाहरी वातावरण भौतिकवादी होता है तो व्यक्तित्व में भी भौतिकता दृष्टिगोचर होती है। दूसरा है आंतरिक व्यक्तित्व, जो बाहरी वातावरण के कारकों से अप्रभावित रहता है। व्यक्ति का आंतरिक व्यक्तित्व ही उसका एक स्थिर व्यक्तित्व हो सकता है। आज हर कोई काफी कुछ होने के बावजूद असंतुष्ट है।

*– पवन यादव, बालोद*

## ट्रेंड

### परिवर्तनकारी सुधार किए



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईपीएफओ ने अपने सदस्यों के लिए जीवन को और आसान बनाने के लिए पिछले एक साल में कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन सुधारों के कारण दावों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

- मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### इजराइली बंधकों का दर्द सुना



मैं फिर से इज़रायली बंधकों के रिश्तेदारों से मिला और उनका सुना। मैंने उनके क्रूर अपहरण और भयानक व्यवहार के लिए हमास की निंदा की। मैंने सभी बंधकों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने के अपने आह्वान को दोहराया।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### भाजपा की सत्ता की प्यास



भाजपा की सत्ता की प्यास के आगे कोई प्यास महत्त्व नहीं रखती है। हृदयहीन भाजपा को मन में दयाभाव रखने वाले लोग पसंद नहीं हैं, इसीलिए जिस कर्मचारी ने प्यासे जानवरों को पानी पिलाया, उसी को भाजपा सरकार ने निलंबित कर दिया।

-अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

### मुंबई कभी नहीं सोता



अभी भी हम मुंबई में एक ऐसा शहर पा सकते हैं जो कभी नहीं सोता और बड़े सपने देखता है, अजनबी जो आपकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, देश का सबसे बढ़िया खाना, एक ऐसा समुद्र जो आपकी उथल-पुथल को शांत कर देगा।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# 11वें योग दिवस की वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से उलटी गिनती शुरू



न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 75 दिन की उलटी गिनती की औपचारिक शुरुआत हुई। न्यूयॉर्क स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने "योग दिवस में 75 दिन शेष" नामक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम 21 जून को दुनिया भर में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा है। बारिश भरी सोमवार की सुबह, मैनहट्टन और न्यू जर्सी के विहंगम दृश्यों के बीच यह योग सत्र 1,776 फुट ऊंची वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर स्थित 'वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी' में संपन्न हुआ। भारत के वाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह लगभग एक घंटे का योग सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिनों की उलटी गिनती के उत्सव का प्रतीक है। 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की प्रतिष्ठित योग प्रशिक्षक रुचिका लाल ने इस विशेष सत्र का नेतृत्व किया जिसमें उप वाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य, छात्र और योग प्रेमी शामिल हुए। भारत के वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल से बिनय प्रधान ने आत्मिक योग सत्र के साथ उलटी गिनती की शुरुआत की।'

## ऑफ बीट

# विलुप्त प्रजाति 'डायर वुल्फ' से मिलते-जुलते भेडिये मिले



विलुप्त हो चुके 'डायर वुल्फ' से मिलते–जुलते, आनुवंशिक रूप से रूपांतरित तीन भेड़िये अमेरिका में एक अज्ञात सुरक्षित स्थान पर रह रहे हैं। यह जानकारी लुप्त प्रजातियों को वापस लाने के लिए काम कर रही कंपनी ने दी। 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के शोधकर्ताओं ने बताया कि भेड़ियों के इन शावकों की उम्र तीन से छह महीने के बीच है, इनके लंबे एवं सफेद बाल हैं, मांसल जबड़े हैं और इनका वजन लगभग 80 पाउंड है जो उनके वयस्क होने पर 140 पाउंड तक पहुंच जाएगा। 'डायर वुल्फ' 10,000 वर्ष से अधिक समय पहले विलुप्त हो गए थे।स्वतंत्र वैज्ञानिकों ने कहा कि इस नवीनतम प्रयास का अर्थ यह नहीं है कि निकट भविष्य में 'डायर वुल्फ' उत्तर अमेरिका के घास के मैदानों में फिर से नजर आएंगे। बफेलो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी विन्सेंट लिंच ने कहा कि 'अब आप बस इतना ही कर सकते हैं कि किसी जीव को सतही तौर पर किसी और जीव जैसा बना दें'', लेकिन विलुप्त प्रजातियों को पूरी तरह से पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता। लिंच इस शोध में शामिल नहीं थे। वैज्ञानिकों ने जीवाश्मों से प्राचीन डीएनए की जांच करके 'डायर वुल्फ' के विशिष्ट लक्षणों के बारे में पता लगाया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कांग्रेस कार्य समिति ने डीसीसी की शक्तियां बढ़ाने, चुनाव तैयारियों समेत कई मुद्दों पर मंथन किया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कांग्रेस के अधिवेशन से एक दिन पहले मंगलवार को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने भविष्य की रूपरेखा, जिला कांग्रेस कमेटियों (डीसीसी) को सशक्त बनाने समेत संगठन की मजबूती, जवाबदेही तय करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया। विस्तारित कार्य समिति की इस बैठक में अधिवेशन से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। अहमदाबाद के 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' में आयोजित बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी सहित अन्य नेता शामिल हुए।

कांग्रेस ने कहा कि वह वल्लभ भाई पटेल के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने को तैयार, भाजपा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के रिश्तों को लेकर झूठ फैलाया।

## खरगे बोले, सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत



### ये दिग्गज हुए शामिल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में कार्य समिति के अन्य सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्यों के कांग्रेस विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए।

अधिवेशन आज से

### हमारे सरदार के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने को तैयार



कांग्रेस ने मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत पर अपने दावे को मजबूती से रखा और कहा कि वह "हमारे सरदार" (वल्लभ भाई पटेल) के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष करने को तैयार है। देश के मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के रिश्तों को लेकर झूठ फैलाया है, जबकि दोनों के बीच "अनोखी जुगलबंदी" थी तथा दोनों नेताओं ने महात्मा गांधी की अगुवाई में साथ मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी तथा राष्ट्र का निर्माण किया। कांग्रेस की यहां 'सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक' पर आयोजित विस्तारित कार्य समिति की बैठक में पूर्व उप प्रधानमंत्री की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रस्ताव भी पारित किया गया।

### भाजपा देश को क्षेत्रवाद, सांस्कृतिक बंटवारे के नाम पर खंडित करने की साजिश कर रही

प्रस्ताव में कहा गया है, "आज की भाजपा सरकार अंग्रेजों की तरह किसानों की भूमि के उचित मुआवजा कानून को खत्म करने का अध्यादेश लाती है, कृषि के तीन क्रूर काले कानून बनाती है, किसानों की राहों में कील और कांटे बिछाती है, किसानों की आय दोगुनी करने तथा एमएसपी गारंटी का वादा करके साफ मुकर जाती है। इसीलिए, एक बार फिर सरदार पटेल की राह पर कांग्रेस किसान के अधिकारों के लिए निर्णायक संघर्ष को तैयार है।" कांग्रेस ने कहा, "सरदार पटेल के सशक्त नेतृत्व एवं पंडित नेहरू की दूरदर्शिता ने 560 से अधिक खंड-खंड रियासतों का एकीकरण कर लोकतांत्रिक गणराज्य की नींव रखी। आज की भाजपा सरकार फिर देश को क्षेत्रवाद, उत्तर बनाम दक्षिण व पूर्व बनाम पश्चिम विवाद तथा भाषाई और सांस्कृतिक बंटवारे के नाम पर खंडित करने की साजिश कर रही है।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या कैंट सुपरफास्ट में बम की सूचना, हड़कंप



**प्रयागराज।** अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में बम मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। ट्रेन को प्रयागराज के जंघई रेलवे स्टेशन पर रोका गया। जंघई जंक्शन पर ट्रेन को चेक किया गया। प्रयागराज से बम निरोधक दस्ता को बुलाया। 2 घंटे तक ट्रेन खड़ी है। किसी ने जीआरपी को सूचना दी कि एक महिला बम लेकर चल रही है।

### पूर्व क्रिकेटर केदार भाजपा में शामिल



**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव क्रिकेट के बाद राजनीति में अपनी पारी शुरू करने वाले हैं। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में केदार भाजपा में शामिल हो गए। महाराष्ट्र के मंत्री और राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। बावनकुले ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसके साथ ही उन्हें बधाई भी दी है।

### नरेंद्र मोदी 2029 के बाद भी पीएम बने रहेंगे : फडणवीस



**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2029 के बाद भी देश का नेतृत्व करते रहेंगे और उत्तराधिकारी पर चर्चा का कोई सवाल ही नहीं उठता। फडणवीस का यह बयान शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत के पिछले महीने के उस दावे के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मोदी "सेवानिवृत्त" हो रहे हैं।

### कर्नाटक छेड़छाड़ मामला गृहमंत्री ने माफी मांगी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने यौन उत्पीड़न की घटना पर अपनी टिप्पणी के बाद माफी मांगी है। उन्होंने कहा,' मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो हमेशा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता हूं। अगर मेरी बातों से किसी महिला को ठेस पहुंची है तो मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं।' जी परमेश्वर ने अपने बयान को गलत समझने और इसे और तोड़-मरोड़ कर पेश करने की बात कही।

अमित शाह के जम्मू-कश्मीर के दौरे का तीसरा दिन, कई मुद्दों पर चर्चा

# जम्मू-कश्मीर के 3 और समूह हुर्रियत से अलग हुए, यह संविधान पर बढ़ता विश्वास : अमित शाह

एजेंसी ▶▶| जम्मू

*शाह ने कहा कि यह कश्मीर घाटी में भारत के संविधान पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। अब तक 11 संगठन हुर्रियत से नाता तोड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के दृष्टिकोण को आज और अधिक बल मिला है।*

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनों के जम्मू-कश्मीर दौरे पर हैं। मंगलवार को दौरे के तीसरे और आखिरी दिन शाह ने श्रीनगर स्थित राजभवन में उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें अधिकारियों ने उन्हें प्रदेश में चल रही विकास कार्यों की बारे में जानकारी दी। साथ ही कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इधर, शाह के दौरे के बीच जम्मू और कश्मीर के अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े तीन संगठनों ने सोमवार को खुद को अलग कर लिया है। इन संगठनों में जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू एंड कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग, और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं। शाह ने कहा कि यह कश्मीर घाटी में भारत के संविधान पर जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। अब तक 11 संगठन हुर्रियत से नाता तोड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एकजुट और शक्तिशाली भारत के दृष्टिकोण को आज और अधिक बल मिला है।

## अब तक 11 संगठन हुर्रियत से नाता तोड़ चुके

### ये संगठन

इन संगठनों में जम्मू कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू एंड कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग, और कश्मीर फ्रीडम फ्रंट शामिल हैं।



कानून-व्यवस्था और सुरक्षा पर भी चर्चा

### ऐसा रहा दौरा

सोमवार को दौरे के दूसरे दिन शाह एलओसी और कठुआ में बीएसएफ की चौकी गए। जहां उन्होंने मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था और हालात का जायजा लिया। फिर शहीदों के परिवारों से राजभवन में मिले और अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी बांटे। इससे पहले 6 अप्रैल को पहले दिन शाह ने भाजपा विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस दौरान गृह मंत्री ने कहा- जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा हमारी नीति का हिस्सा है और इसे उचित समय पर बहाल किया जाएगा। बता दें कि राज्य में नई सरकार बनने के बाद अमित शाह का यह पहला दौरा है।

### विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

जम्मू-कश्मीर में जारी विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक शुरू हुई। राजभवन में आयोजित बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय एवं जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### टेक्नोलॉजी से लैस हो जाएंगे जवान

अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ बातचीत में कहा- कुछ ही सालों में पूरी भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सुरक्षा बल के जवान तकनीकी सहायता से लैस हो जाएंगे। तकनीक से संबंधित 26 से अधिक कई कदमों के परीक्षण अभी चल रहे हैं, जिनमें ड्रोन रोधी तकनीक, टनल आइडेंटिफिकेशन तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक सर्वेलांस जैसी चीजें शामिल हैं।

### जलवायु परिवर्तन केंद्र का उद्घाटन

**पटनीटॉप/जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में भारत के पहले जलवायु परिवर्तन केंद्र का उद्घाटन किया। जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के 'हिमालयन हाई अल्टीट्यूड एटमॉसफेरिक एंड क्लाइमेट रिसर्च सेंटर' का उद्देश्य हिमालयी क्षेत्र में वायुमंडलीय और जलवायु घटनाओं का अध्ययन करना है।

## शहीदों के परिवारों से भी की मुलाकात

अधिकारी बैठक के दौरान गृह मंत्री को केंद्र शासित प्रदेश में जारी विकास परियोजनाओं की जानकारी दी गई। शाह ने कीर्ति चक्र से सम्मानित पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं मुजम्मिल भट की विधवा और उनके 20 महीने के बेटे से सोमवार को मुलाकात की थी। भट ने 2023 में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिये थे। राजभवन जाने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने दिवंगत पुलिस अधिकारी के पिता एवं सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम हसन भट के साथ करीब 20 मिनट बिताए। मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित हुमायूं मुजम्मिल भट उन चार सुरक्षाकर्मियों में शामिल थे जो सितंबर 2023 में दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के गडूल गांव के आसपास घने जंगलों में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गए।

टीएमसी का अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया

# आपस में ही भिड़ गए टीएमसी के 2 सांसद, ममता का 'सिरदर्द' बढ़ाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी घमासान खुलकर सामने आया है। कल्याण बेनर्जी का एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो उस वक्त का है, जब टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग के दफ्तर गया था। इस दौरान कल्याण पार्टी की एक सांसद पर बुरी तरह भड़के हुए थे। अब ये ममता बेनर्जी के लिए सिरदर्द बन गया है। उन्होंने सांसदों को शांत रहने को कहा है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने व्हाट्सएप ग्रुप के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं। दावा है कि ये ग्रुप टीएमसी सांसदों का है और इसमें कल्याण किसी इंटरनेशनल लेडी का जिक्र करते हुए कीर्ति आजाद पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

### मालवीय ने किया दावा



मालवीय ने एक्स पर लिखा कि टीएमसी ने अपने सांसदों को संसद भवन में इकट्ठा होकर ज्ञापन पर साइन करने का निर्देश दिया था। वहां से उन्हें चुनाव आयोग जाना था लेकिन जिस सांसद के पास ज्ञापन था, वो संसद भवन नहीं गए और चुनाव आयोग के ऑफिस चले गए। इससे दूसरे सांसद नाराज हो गए। दोनों के बीच जोर-जोर से बहस हुई। अंत में पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा।

### कल्याण ने दी सफाई, कोई समस्या नहीं

इससे तूफान मचा है। कल्याण ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपना पक्ष सामने रखा। उन्होंने कहा कि आज एक वीडियो लीक हुआ है। ठीक है, मुझे कोई समस्या नहीं है। एक महिला सांसद ने मुझ पर आरोप लगाया कि उसका नाम सूची में क्यों नहीं है. फिर वो चिल्लाने लगी और उन्हें मुझे गिरफ्तार करने के लिए कहा।

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला, 3 की हुई मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** शराब के नशे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान ने एसयूवी दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी देने का ऐलान किया। वहीं, मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई। एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान (62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया।

कोचिंग के साथ केयरिंग का दिखा असर

# कोटा में एडमिशन फीवर, देशभर से पहुंच रहे स्टूडेंट और पेरेन्ट्स

**कोटा।** कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा नए सेशन के बैच की डेट्स घोषित करने के साथ ही यहां एडमिशन्स का दौर शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स-पेरेन्ट्स कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए आ रहे हैं। कोटा में रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लेकर कोचिंग संस्थानों तक में रौनक नजर आ रही है। स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट्स के इंतजार में समय गंवाए बिना आईआईटी जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की तैयारी के लिए कोटा आ रहे हैं। कोटा के अधिकांश कोचिंग संस्थानों में अप्रैल माह में बैच शुरू हो रहे हैं। कोटा के



एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट्स को फीस में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में पिछले एक सप्ताह में हुए ओरियंटेशन सेशन्स में हजारों स्टूडेंट्स पेरेन्ट्स शामिल हुए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया

# ममता को राहत : एक्स्ट्रा टीचर पदों की सीबीआई जांच नहीं होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती प्रक्रिया में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए 6,861 अतिरिक्त पद सृजित करने के फैसले की सीबीआई जांच के आदेश दिया गया था। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि अदालतों को कैबिनेट की ओर से लिए गए फैसलों की जांच का निर्देश देने से रोक है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को 'गलत' भी बताया। हालांकि, सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की बेंच ने स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की जांच जारी रहेगी।

### बदले जाएंगे सिम कार्ड सरकार कर रही तैयारी!

**नई दिल्ली।** मौजूदा सभी पुराने सिम कार्ड बदलने वाले हैं। भारत सरकार पुराने सिम कार्ड को



रिप्लेस करने की तैयारी कर रही है। यह कदम देश की प्रमुख साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा की गई एक जांच के बाद सामने आया है, जिसमें यह खुलासा हुआ कि कुछ सिम कार्ड्स में प्रयुक्त चिपसेट्स चीन से आए थे।

**पुलिस शोध एवं विकास ब्यूरो**
**गृहमंत्रालय एनएच-48, महिपालपुर**
**नई दिल्ली-110037**

नं. 32/09/2025-(ई-21014)

**भारत सरकार द्वारा फैलोशिप (08) डॉक्टरोल कार्य हेतु क्रीमिनलॉजी और पुलिस साइंस तथा संबंधित विषय आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

बीपीआरएंडडी डॉक्टरोल कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा क्रीमिनलॉजी और पुलिस साइंस तथा संबंधित विषय 8 फैलोशिप देने के लिए 5 वर्ष की अवधि हेतु आवेदन स्वीकार करता है। उन संस्थानों से जहां शोधफैलो अपने डॉक्टरोल कार्य अथवा क्रीमिनलॉजी में और पुलिस साइंस तथा संबंधित विषयों में पीएचडी के लिए पंजीकृत हैं।

भारत सरकार की फैलोशिप देने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश बीपीआरएंडडी की वेबसाइट https://bprd.nic.in पर उपलब्ध है अथवा संपर्क करें :

सहायक निदेशक (शोध)-011-26734850 (ईमेलः anupchhetri@bprd.nic.in)

सहायक निदेशक (आरईएस.),
बीपीआरएंडडी, नई दिल्ली

सीबीसी 19117/11/0001/2526

पीएमएमवाई की 10वीं वर्षगांठ पर लाभार्थियों से पीएम ने की वार्ता

# मुद्रा ऋण उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने में बना रहा सक्षम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत किए गए हैं और इससे असंख्य लोगों को अपने उद्यमशीलता कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की 10वीं वर्षगांठ पर अपने आवास पर इसके चुनिंदा लाभार्थियों से बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि इससे देश के युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उन्हें नौकरी चाहने वालों के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आत्मविश्वास मिला है।



## योजना के तहत 33 लाख करोड़ के ऋण स्वीकृत किए

### आठ अप्रैल 2015 को पीएम मोदी ने योजना की शुरुआत की

प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल, 2015 को सदस्य ऋण संस्थानों के माध्यम से गारंटी-मुक्त संस्थागत कर्ज उपलब्ध कराने के लिए पीएमएमवाई की शुरुआत की थी। मोदी ने लोगों से कम से कम पांच से 10 अन्य लोगों को प्रेरित करने और उनका समर्थन करने का आग्रह किया, जिससे उनका आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता बढ़े। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि योजना के तहत 52 करोड़ ऋण वितरित किए जा चुके हैं, जो विश्व स्तर पर एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने कहा, " यह विशेष रूप से उत्साहजनक है कि मुद्रा लाभार्थियों में से आधे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों से हैं और 70 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।" मोदी ने कहा, " प्रत्येक मुद्रा ऋण अपने साथ सम्मान, स्वाभिमान और अवसर लेकर आता है। वित्तीय समावेश के अलावा इस योजना ने सामाजिक समावेश व आर्थिक आजादी भी सुनिश्चित की है।'

### मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आईं

उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना में सबसे अधिक महिलाएं आगे आई हैं। महिलाओं ने सबसे अधिक आवेदन किए, सबसे अधिक ऋण हासिल किए और सबसे तेजी से इन कर्ज का भुगतान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बिना किसी गारंटी के नागरिकों को 33 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। यह राशि अभूतपूर्व है तथा अमीर लोगों को सामूहिक रूप से दी गई किसी भी वित्तीय सहायता से अधिक है। उन्होंने देश के प्रतिभाशाली युवाओं पर भरोसा जताया जिन्होंने रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए धनराशि का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। मुद्रा ऋण का दायरा बढ़ाकर अब 20 लाख रुपये करने में सरकार द्वारा प्रदर्शित उल्लेखनीय भरोसे पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विस्तार भारत के नागरिकों की उद्यमशीलता की भावना और क्षमताओं में विश्वास को दर्शाता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग (खुली निविदा संख्या 02-अम्बाला/2025-26 दिनांक : 08.04.2025)**

वरिष्ट मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएसई / पीटीए खंड में टीएफआर कार्य 10.952 टीकेएम। | 10,39,040 | 20,800 | 04 महीने | 02.05.2025 |
| 2 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत डीयूआई-बीटीआई पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 66, 69, 105, 115, 123 और 124 पर रबरयुक्त सतह। | 2,09,17,622 | 2,54,600 | 04 महीने | 02.05.2025 |
| 3 | सीनियर डीईएन-II-यूएमबी के तहत बीटीआई-एसजीएनआर खंड पर पुल संख्या 57बी (1x12.20 मीटर), 57ए (4x12.20 मीटर) और डीयूआई – बीटीआई पर पुल संख्या 172 (2x12.19 मीटर) के स्पैन 9.14 और 12.20 मीटर के बीच पुलों के उप-संरचना को मजबूत करना और पीएससी स्लैब के साथ स्टील गर्डर्स की प्रतिस्थापना के साथ-साथ पुल उप-संरचना की जैकेटिंग और संरचनात्मक ड्राइंग की आपूर्ति। | 2,46,33,625 | 2,73,200 | 12 महीने | 02.05.2025 |
| 4 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी सेक्शन में रनिंग ट्रैक के नीचे बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा जेएचएल एचएसआर सेक्शन पर किमी 29/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या सी-18 और किमी 77/15-78/0 पर सी-59 को समाप्त करने के लिए 5.0 मीटर x 5.0 मीटर एलएचएस का प्रावधान। | 7,59,70,121 | 5,29,900 | 10 महीने | 02.05.2025 |
| 5 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एसएजी सेक्शन में रनिंग ट्रैक के नीचे बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा डीयूआई जेएचएल सेक्शन पर किमी 63/10-11 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या सी-53 और किमी 71/6-7 पर सी-58 को समाप्त करने के लिए 5.0 मीटर x 5.0 मीटर एलएचएस का प्रावधान। | 7,57,60,027 | 5,28,800 | 10 महीने | 02.05.2025 |
| 6 | एडीईएन/एसएमएल (कालका, चरण-II) सेक्शन में रेलगाड़ी के परिचालन हेतु सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान तथा मौजूदा रिटेनिंग वॉल को सुदृढ़ बनाना। | 1,56,71,029 | 2,28,400 | 06 महीने | 02.05.2025 |

**नोटः-** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**1067/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### मांडले में सेना के फील्ड अस्पताल में हुआ 200 से अधिक मरीजों का उपचार

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पिछले मार्च महीने के अंत में म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बीच मांडले में स्थापित किए गए सेना के फील्ड अस्पताल के जरिए तेजी से आपदा प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। अब तक कुल 258 लोगों का इलाज किया जा चुका है। जबकि प्रयोगशाला से जुड़ी हुई जांच का आंकड़ा 600 को पार कर 698 तक जा पहुंचा है। यह जानकारी सेना ने मंगलवार को दी।

### पाक में आतंकी कारी को गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर के रिश्तेदार कारी एजाज आबिद को ढेर कर



दिया। हमालवरों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर में पिस्खारा इलाके में मस्जिद से बाहर निकलते समय उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कारी एजाज का खास सहयोगी कारी शाहिद भी बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, कारी एजाज अहले सुन्नत वल जमात नामक संगठन का सदस्य था।

### पाक ने तीर्थयात्रियों को जारी किए 6,500 वीजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान उच्चायुक्त ने 10 से 19 अप्रैल आयोजित होने वाले बैसाखी पर्व को लेकर भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं। पाकिस्तानी कूटनीतिक मिशन ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच 1974 के धार्मिक स्थलों पर यात्रा प्रोटोकॉल के तहत वाजा जारी किए गए हैं। इस बार श्रद्धालु गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब जैसे स्थलों गुरुद्वारों का दर्शन कर सकेंगे।

### कार में मिला ट्रांसपोर्ट कारोबारी का जला शव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बिजवासन रोड फ्लाईओवर के पास एक कार में आग लग जाने के बाद उसमें से 42 वर्षीय ट्रांसपोर्ट कारोबारी का शव मिला जो पूरी तरह जला हुआ था। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब 10 बजकर 32 मिनट पर कार में आग लगने के संबंध में सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दमकल के दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया और रात 11 बजकर 20 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।

### पुर्तगाल से स्लोवाकिया के लिए हुईं रवाना मुर्मू

**लिस्बन (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुर्तगाल की अपनी यात्रा के समापन के बाद मंगलवार को स्लोवाकिया की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रवाना हो गईं। इससे पहले, पुर्तगाल की अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के अंत में लिस्बन में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारतीय प्रवासियों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने पुर्तगाल में भारतीय समुदाय को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने सातवां पोषण पखवाड़ा का किया उद्घाटन

# बचपन में मोटापा गंभीर समस्या, ऐसे माहौल की जरूरत जहां बच्चे को पौष्टिक भोजन मिले:सावित्री

- हम गांव-गांव जाएंगे, जागरूकता फैलाएंगे और हम सुनिश्चित करेंगे कि लोग पोषण ट्रैकर में निर्धारित मानदंडों का पालन करें

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

बचपन में मोटापे पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि बच्चों द्वारा बहुत अधिक तैलीय भोजन का सेवन किए जाने से अति-पोषण और मोटापा गंभीर समस्या बन गए हैं।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि सातवां पोषण पखवाड़ा एक सुपोषित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और उन्होंने सभी हितधारकों से एक स्वास्थ्य-केंद्रित माहौल' तैयार करने का आह्वान किया, जो यह सुनिश्चित करे कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए और कोई भी मां पोषण से वंचित न रहे। उन्होंने यहां पोषण पखवाड़े के उद्घाटन भाषण में कहा कि यह 'सुपोषित भारत' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।" मंत्री ने कहा कि आजकल बच्चे बहुत अधिक तैलीय और गैर-पोषक भोजन का सेवन करते हैं, जिससे न केवल उनका वजन बढ़ता है बल्कि वे कई बीमारियों की चपेट में भी आ जाते हैं।"

### व्यवहार और आदत में बदलाव पर जोर दें

सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से व्यवहार और आदत में बदलाव पर जोर देते हुए ठाकुर ने कहा कि बच्चों द्वारा सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले खाद्य पदार्थ और तैलीय भोजन का सेवन किए जाने से बचपन में मोटापा गंभीर समस्या बन गया है। उन्होंने कहा कि पोषण अब केवल कुपोषण तक सीमित नहीं रह गया है। अति-पोषण और मोटापा गंभीर समस्या बन गए हैं।"



### खेल गतिविधियों में भाग लें

इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंताओं को दोहराते हुए ठाकुर ने सामूहिक प्रयास की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा माहौल बनाना होगा जहां बच्चे पौष्टिक भोजन का सेवन करें और नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लें। आइए, हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए, कोई भी मां पोषण से वंचित न रहे और हर परिवार को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।" मंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों से संपर्क बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान, हम गांव-गांव जाएंगे, जागरूकता फैलाएंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि लोग पोषण ट्रैकर में निर्धारित मानदंडों का पालन करें।" इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में चार प्रमुख विषयों पर जोर दिया जाएगा।

### 1000 दिनों पर ध्यान

केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि इनमें जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी/नागरिक मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, सीएमएएम के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना शामिल होंगे। मंत्री 18 भागीदार मंत्रालयों, राज्य महिला और बाल विकास विभागों के अधिकारियों और देशभर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी पखवाड़े के पहले सप्ताह में अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगी, ताकि राज्य में महिलाओं और बच्चों के लिए सहायता को मजबूत करने के उद्देश्य से जारी पहलों का मूल्यांकन किया जा सके। व्यापक मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के हिस्से के रूप में यह पहल स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती के अलावा बीमारियों एवं कुपोषण के खिलाफ प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

## क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# भारत-यूएई रक्षा, नवाचार व प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग, रणनीतिक साझेदारी करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान की यह विशेष यात्रा दोनों देशों की गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने भारत और यूएई के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के संबंधों और कई सारे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन भारत पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहें। मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी खुशी जताते हुए भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मजबूत द्विपक्षीय सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान से मिलकर खुशी हुई।



दुबई ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह विशेष यात्रा हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाता है। साथ ही भविष्य में और भी मजबूत सहयोग का मार्ग प्रशस्त करती है। बता दें, दुबई के क्राउन प्रिंस हमदान पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 8 से 9 अप्रैल, 2025 तक भारत की यात्रा पर हैं। इससे पहले भारत पहुंचने पर उनका औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया और केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने उनकी अगवानी की। दुबई के क्राउन प्रिंस के रूप में यह उनकी पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

### भारत पहुंचने पर औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया



### दोनों देश शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी शेख हमदान से एक अलग बैठक की। इसको लेकर उन्होंने बताया कि भारत यूएई के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है, जिसमें सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही रक्षा मंत्री सिंह ने अपनी बैठक को उत्पादक बताते हुए कहा कि यूएई के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच रक्षा, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा।

### आपसी संबंधों में स्थायी समृद्धि का लक्ष्य

शेख मोहम्मद ने एक्स पर ट्वीट कर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत ने यूएई और भारत के बीच संबंधों की मजबूती को दिखाता है। ये संबंध विश्वास पर आधारित हैं, जो इतिहास द्वारा आकारित हुए हैं और हमारे समान दृष्टिकोण से प्रेरित हैं, जिसमें अवसरों, नवाचार और स्थायी समृद्धि की दिशा में एक बेहतर भविष्य बनाने का लक्ष्य है।

### क्राउन प्रिंस मुंबई जाएंगे

राजधानी में कार्यक्रमों के बाद क्राउन प्रिंस मुंबई जाएंगे और शीर्ष भारतीय और अमीराती व्यापार जगत के नेताओं की भागीदारी वाली एक व्यापार गोलमेज बैठक में भाग लेंगे। गोलमेज बैठक में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ फिनटेक, नवाचार और स्थिरता जैसे उभरते क्षेत्रों में व्यापार और निवेश बढ़ाने के अवसरों की खोज की जाएगी।

### जयशंकर से की क्राउन प्रिंस ने मुलाकात



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस और संयुक्त अरब अमीरात के डिप्टी पीएम व रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम का भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर स्वागत किया।

## भारत बना पवन और सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करने वाला तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक



भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत 2024 में पवन और सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन के मामले में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक 'एम्बर्स ग्लोबल इलेक्ट्रिसिटी रिव्यू' की छठी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर पवन और सौर ऊर्जा से 15 प्रतिशत बिजली उत्पादन किया गया, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत रही। वहीं, कम-कार्बन स्रोतों (नवीकरणीय और परमाणु ऊर्जा) से 40.9 प्रतिशत कुल वैश्विक बिजली का उत्पादन हुआ, जो 1940 के बाद पहली बार 40 प्रतिशत के पार गया है। भारत में स्वच्छ स्रोतों से 22 प्रतिशत बिजली उत्पन्न हुई जिसमें आठ प्रतिशत जलविद्युत और 10 प्रतिशत पवन-सौर ऊर्जा का योगदान रहा।

### वैश्विक स्तर पर 2024 में रिकॉर्ड 858 टेरावाट स्वच्छ ऊर्जा जोड़ी

वैश्विक स्तर पर 2024 में रिकॉर्ड 858 टेरावाट स्वच्छ ऊर्जा जोड़ी गई, जो 2022 की तुलना में 49 प्रतिशत अधिक है। भारत में वर्ष 2024 में कुल बिजली का सात प्रतिशत सौर स्रोतों से आया, जो 2021 की तुलना में दोगुना है। इसके साथ ही भारत, चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बड़ा सौर बाजार बन गया है। एम्बर के प्रबंध निदेशक फिल मैकडॉनल्ड ने कहा, "बैटरी स्टोरेज के साथ सौर ऊर्जा वैश्विक ऊर्जा बदलाव की धुरी बन गई है।" रिपोर्ट में शामिल 88 देश 93 प्रतिशत वैश्विक बिजली मांग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एम्बर के एशिया कार्यक्रम निदेशक आदित्य लोला ने कहा कि एशिया में स्वच्छ ऊर्जा तेजी से बढ़ रहा है और इससे क्षेत्रीय ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक लचीलापन मजबूत होगा।

### हर वर्ष 20 प्रतिशत अधिक धन जुटाना होगा

वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक नेश्विन रोड्रिग्ज ने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अब उसके सामने मांग के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने की चुनौती है। एम्बर की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत को 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करना है तो उसे मौजूदा निवेश से हर साल 20 प्रतिशत अधिक धन जुटाना होगा। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।

## मुक्त व्यापार समझौते पर चरणबद्ध वार्ताएं कर रहा भारत

# यूरोपीय संघ के साथ दसवें दौर की वार्ता पूरी आस्ट्रेलिया के साथ दो चरणों की हुई चर्चाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से उच्च शुल्क लगाए जाने से पैदा हुए अनिश्चित वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चरणबद्ध ढंग से बातचीत करने की संभावना तलाश रहे हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत ने पहले ऑस्ट्रेलिया के साथ भी इसी तरह दो चरणों में व्यापार समझौतों पर बातचीत की थी। दोनों पक्षों ने पिछले महीने ब्रसेल्स में इस प्रस्तावित



फाइल फोटो

समझौते के लिए दसवें दौर की वार्ता पूरी की थी। अगले दौर की बातचीत मई में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ के वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं के साथ भारत दौरे पर आईं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लिएन के बाद वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

### 2013 में रूक गई थी वार्ता

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उच्च सीमा शुल्क लगाए जाने के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एफटीए पर वार्ता फिर से शुरू की थी।*

### चार देशों की संसद से मिली मंजूरी

*अधिकारी ने भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच एफटीए को लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की भी जानकारी दी। सभी चार यूरोपीय देशों की संसद ने समझौते को मंजूरी दे दी है। दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को लागू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।*

## ड्रैगन पर ट्रंप का अटैक अमेरिका ने अब लगाया 104 फीसदी टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने चीनी सामानों पर अतिरिक्त टैरिफ को प्रभावी करने का फैसला ले लिया है। वाइट हाउस ने ऐलान किया है कि चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर 104 फीसदी टैरिफ लागू हो गया है और अतिरिक्त शुल्क मंगलवार आधी रात यानी 9 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। यह वॉशिंगटन और बीजिंग के बीच जारी ट्रेड वॉर में अब तक उठाए गए सबसे आक्रामक कदमों में से एक है। फॉक्स बिजनेस के अनुसार, वाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि चीन ने अमेरिका पर अपने प्रतिशोधी टैरिफ को नहीं हटाया है। ऐसे में अमेरिका कल, 9 अप्रैल से चीनी आयात पर कुल 104% टैरिफ लगाना शुरू कर देगा। ट्रंप ने सोमवार को चीन पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही थी। ट्रंप ने चीन की



ओर से अमेरिकी सामानों पर 34 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ लगाने के बाद ये चेतावनी दी थी। ट्रंप ने कहा था कि अगर चीन 8 अप्रैल तक अपना 34 फीसदी टैरिफ वापस नहीं लेता है तो अमेरिका उस पर 50 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाएगा। चीन ने ट्रंप की धमकी पर झुकने से इनकार कर दिया और अमेरिका से लड़ाई लड़ने की बात कही। इसके बाद वाइट हाउस ने चीन पर नए टैरिफ लागू करने का ऐलान कर दिया है।

## ट्रंप से मिले इजराइल के पीएम

**कहा- यूएस के साथ व्यापार घाटे को करेंगे कम, परमाणु कार्यक्रम पर ईरान से करें बात**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टैरिफ को कम करने की बातचीत बेनतीजा रही। ट्रंप ने इजराइल पर 17 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया है जिसे लेकर नेतन्याहू ने ट्रंप से सोमवार को मुलाकात की थी। ट्रंप ने जवाबी शुल्क कम करने से साफ मना कर दिया हालांकि ट्रंप ने यह संकेत देते हुए कहा कि स्थायी टैरिफ हो सकते हैं और वार्ता भी हो सकती है। हम हर देश के साथ निष्पक्ष और अच्छे समझौते करेंगे।

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ट की चेतावनी, ईरान को बहुत बड़ा खतरा

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अब ईरान से उसके परमाणु कार्यक्रम पर सीधे वार्ता करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह वार्ता सफल नहीं होती है, तो ईरान को 'बहुत बड़ा खतरा' हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह वार्ता शनिवार से शुरू होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि तेहरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सीधे उनसे बात कर रहे हैं और शायद एक समझौता हो जाएगा।

### काठमांडू में बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की बैठक आज, शिवराज लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बिम्सटेक कृषि मंत्रियों की तीसरी बैठक आज बुधवार 9 अप्रैल को नेपाल में आयोजित की जा रही है। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड के कृषि मंत्रियों की भागीदारी होगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बैठक में शामिल होने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य बिम्सटेक देशों के बीच चल रहे कृषि सहयोग को और मजबूत करना है। विभिन्न सत्रों के दौरान भारत सहित अन्य सदस्य देशों के कृषि मंत्री, कृषि क्षेत्र में चल रहे सहयोगात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। साथ ही, इन सदस्य देशों के क्षेत्र के करोड़ों किसानों को लाभान्वित करने के लिए नई और अभिनव तकनीकों को बढ़ावा देने तथा अपनी-अपनी सफलता की कहानियों के आदान-प्रदान के लिए आगे के दिशा-निर्देश निर्धारित करेंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी, मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत प्रस्तुत की गई मजबूत वैज्ञानिक उपलब्धियों और प्रमुख नीतिगत पहलों को जाहिर करेगी। इससे भारत को बिम्सटेक क्षेत्र में एक मजबूत नेतृत्व की स्थिति में रखा जाएगा और हमारे 'एक्ट ईस्ट' और 'पड़ोसी पहले' पॉलिसी के महत्व को भी उजागर किया जाएगा।

- नेपाल के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे शिवराज सिंह

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

# अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

- टाइम्स स्क्वायर और यूएन मुख्यालय से लेकर कई जगह होंगे आयोजन

अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयॉर्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। यह तैयारी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए की गई, जिसके आयोजन में अब 75 दिन बाकी हैं, जो 21 जून को मनाया जाएगा। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड ऑब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया।

### लोगों को एक साथ लाने का अच्छा तरीका

*ऑफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने योग सत्र को अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ऊंची इमारत पर योग सत्र आयोजित किया जाना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती शुरू करने का सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को एक साथ लाने का सबसे अच्छा तरीका है। हम सभी यहां शांति से एक साथ एकत्र हुए हैं, जो अविश्वनीय है।*

### ध्यान, योगासन तकनीकें शामिल: महावाणिज्य दूत

*महावाणिज्य दूत प्रधान ने योग सत्र की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड ट्रेज सेंटर पश्चिमी गोलार्ध की सबसे ऊंची इमारत है, जो लचीलेपन और उम्मीद का प्रतीक है। महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस सत्र में ध्यान, योगासन, श्वास क्रिया और आत्म-जागरूकता तकनीकें शामिल थीं। दिन की शुरुआत शांति और सकारात्मकता के साथ की गई। इस सत्र ने भारतीय प्रवासियों और भारत के मित्रों को स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र जीवन के साझा उत्सव का संदेश दिया।*

### यूएस नहीं छोड़ा तो एक मिलियन डॉलर का लगेगा जुर्माना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद से 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति पर चलते हुए अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए ताबड़तोड़ एक्शन लिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने न सिर्फ हजारों प्रवासियों को सैन्य विमानों के जरिए डिपोर्ट कर दिया, बल्कि देश में उन पर कड़ी निगरानी भी रखी जा रही है। अमेरिकी सरकार डिपोर्ट के आदेशों के बावजूद अमेरिका न छोड़ने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है। ट्रंप प्रशासन ने निर्वासन आदेश के तहत प्रवासियों पर प्रतिदिन 998 डॉलर तक का जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। समय सीमा तक अमेरिका छोड़ने में विफल रहते हैं तो संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। यूएस होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की प्रवक्ता ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को सेल्फ डिपोर्ट और देश छोड़ने को ऐप का उपयोग की सलाह दी है।

- अवैध प्रवासियों पर ट्रंप की एक और मार

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25